https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 । अंक: 346 | जयपुर, बुधवार, 26 नवंबर, 2025 । मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विसं 2082 | पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

> ये धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं... ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है।
>
> **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## धर्म ध्वजा फहराई: नरेंद्र मोदी ने आखिरकार पूरा किया 140 करोड़ भारतीयों का सपना

**कार्तिकेय देव सिंह**

मंगलवार, 25 नवंबर 2025 को प्राचीन नगर अयोध्या में मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष पंचमी का दिन जिसे कि माता सीता और श्रीराम के विवाह का दिन भी माना जाता है, तब भारत वासियों के लिए ऐतिहासिक पल का भी गवाह बन गया, जब भव्य राम मंदिर के शिखर पर पवित्र केसरिया ध्वज फहराया गया। इसी के साथ श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य की औपचारिक समाप्ति हो गई। इसे एक ऐसे मील के पत्थर के रूप में देखा जाएगा जो हमारे सांस्कृतिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक महत्व से ओतप्रोत है। एक औपचारिक अनुष्ठान में मंदिर पर विधिवत फहराई गई केसरिया पताका में सूर्यवंश का प्रतीक सूर्य चिन्ह, ओम और प्रतीकात्मक कोविदारा वृक्ष अंकित हैं, ये ध्वजा लाखों भारतवासियों की बरसों की आस्था को पूरा करने का प्रतीक भी बनी। इस बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी संपूर्ण देखरेख और नेतृत्व में श्रीराम मंदिर निर्माण परियोजना के शिलान्यास से लेकर इसकी प्राण प्रतिष्ठा तक और तत्पश्चात अब ध्वजारोहण तक अनवरत मार्गदर्शन किया। पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस सपने को पूरा करने में महती भूमिका निभाई है। धर्म ध्वजारोहण महोत्सव के अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ये आयोजन हमारे सदियों के घावों की चिकित्सा के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ये ध्वजारोहण भारत की सांस्कृतिक और सभ्यात्मक जागृति का प्रतीक है और आज न सिर्फ पूरा भारत बल्कि संपूर्ण विश्व राममय हो गया है। रामजन्म भूमि मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर जब केसरिया ध्वजा फहराई गई तब प्रधानमंत्री मोदी अपने दोनों हाथ जोड़े बेहद भावुक नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण के लिए डायल घुमाया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उपस्थित रहे। रामजन्म भूमि परिसर में आयोजित इस महत्वपूर्ण समारोह में बड़ी संख्या में रामभक्त इस पवित्र अवसर के साक्षी बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर राम भक्त का अंतर्मन आनंदपूर्ण और संतोष से भरापूरा हो गया है। ये आनंद अकल्पनीय और अद्भुत है। रामभक्तों द्वारा लगाए गए जयश्री राम के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।

इस कार्यक्रम ने भारत के शक्तिशाली राजनीतिक उत्थान को भी जाहिर किया है। पश्चिम बंगाल, असम और इसके बाद उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों को देखते हुए राम मंदिर के शिखर पर फहराए सुनहरे ध्वज की सुंदर तस्वीरें भारतीय जनता पार्टी को मजबूत सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रीय गर्व और निरंतरता का मजबूत आधार भी प्रदान करती हैं। ये अवसर भाजपा को भारत की आध्यात्मिक विरासत की रक्षा करने वाली छवि को भी मजबूती प्रदान करेगा।

मूलतः धर्म ध्वजारोहण एक ही समय में एक अंत और एक शुरुआत को प्रदर्शित करता है। ये हमारे सदियों पुराने संघर्ष का समापन और एक नवीन अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है जहां धर्म और राजनीति का संगम होता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत अयोध्या में राम मंदिर में 'ध्वजारोहण' समारोह के दौरान।

## जरूरी खबर

### गहलोत से मिले कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष



*अजमेर शहर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार जयपाल गहलोत से मिलते हुए।*

**जयपुर।** कांग्रेस संगठन में हुए हालिया फेरबदल के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्षों ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उनके जयपुर आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सुबह से शाम तक चली मुलाकातों में सबसे पहले भरतपुर जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा और डीग जिला अध्यक्ष राजीव सिंह पहुंचे। इसके बाद जालौर जिला अध्यक्ष रमीला मेघवाल और बूंदी जिला अध्यक्ष महावीर मीणा ने मुलाकात की। दोपहर बाद करौली जिला अध्यक्ष घनश्याम मेहर, सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष इन्दिरा मीणा तथा ब्यावर जिला अध्यक्ष किशोर चौधरी ने गहलोत से भेंट की। अंत में अजमेर शहर जिला अध्यक्ष राजकुमार जयपाल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### श्री अमरापुर सेतु होगा खासा कोठी पुलिया का नाम



**बेधड़क, जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मंगलवार को अमरापुर दरबार में स्वामी टेऊंराम महाराज के दर्शन किए और संत मोनू साईं से आशीर्वाद लिया। रेलवे स्टेशन से सिंधी कैम्प को जोड़ने वाली खासा कोठी पुलिया का नाम अब 'श्री अमरापुर सेतु' होगा, जिसकी मंजूरी उनके प्रयासों से मिली। नामकरण समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विधायक ने समाज से सक्रिय सहयोग की अपील की। साथ ही, शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक हिंदी पाठ्य पुस्तकों में स्वामी टेऊंराम महाराज का जीवन, चरित्र व वाणी शामिल की जाए।

**भारतीय संविधान दिवस आज... स्पीकर वासुदेव देवनानी ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं**

# विधानसभा में होगा युवा संवाद व वंदे मातरम् दीर्घा का शुभारंभ

बेधड़क | जयपुर



दुनियाभर में भारत लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है। इस लोकतंत्र को कायम रखने का सबसे बड़ा कारण भारत का संविधान है। हर साल हमारे देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कॉन्स्टिट्यूशन डे को मनाने का मुख्य उद्देश्य संविधान की विशेषता को और इसके बारे में जानकारी देना है। संविधान सभा की स्वीकृति मिलने के दो महीने बाद भारतीय संविधान को 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था। इसको लेकर संविधान दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। राजस्थान विधानसभा में संविधान दिवस पर बुधवार को स्पीकर वासुदेव देवनानी डिजिटल संग्रहालय में नवनिर्मित वंदे मातरम् दीर्घा का शुभारंभ करेंगे। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर निर्मित इस दीर्घा में 37 पैनलों के माध्यम से गीत का पूरा इतिहास प्रदर्शित किया गया है। इसमें 1875 में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की ओर से अक्षय नवमी के दिन मुर्शिदाबाद के लालगोला में संस्कृतनिष्ठ बंगाली में रचित मूल गीत की चित्र सहित महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल हैं। दीर्घा शोधकर्ताओं, छात्रों और आमजन के लिए उपयोगी होगी। संविधान दिवस पर विधानसभा में दोपहर 3 बजे युवा संवाद कार्यक्रम होगा। विधि शिक्षा से जुड़े युवा संविधान पर चर्चा करेंगे और राजनीतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन करेंगे। कार्यक्रम को संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल संबोधित करेंगे। देवनानी ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आत्मा और नागरिक अधिकारों का आधार स्तंभ है। यह 26 नवंबर का दिन संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि, त्याग और प्रतिबद्धता की याद दिलाता है, जिन्होंने विविधताओं से भरे भारत के लिए आधुनिक, समावेशी और न्यायपूर्ण संविधान तैयार किया।

### हाई कोर्ट की संविधान चेतना रैली सुबह 7.30 बजे अल्बर्ट हॉल से

राजस्थान हाई कोर्ट और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) की ओर से संविधान दिवस पर संविधान चेतना रैली का आयोजन होगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सुबह 7.30 बजे अल्बर्ट हॉल से रैली रवाना होगी। रैली में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन होगा। इस दौरान हाई कोर्ट के जस्टिस सेशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम और द्वितीय, सेशन न्यायालय जयपुर जिला के न्यायाधीश और रालसा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### एनएसयूआई की 'संविधान बचाओ, देश बचाओ' मैराथन

कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई राजस्थान की ओर से संविधान दिवस के उपलक्ष में 5 किलोमीटर मैराथन रन फॉर संविधान बचाओ, देश बचाओ का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन सुबह 6.30 बजे चित्रकूट स्टेडियम से रवाना होगी।

### संविधान दिवस समारोह का आयोजन

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की ओर से बुधवार को संविधान दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम रमा बाई कांफ्रेंस हॉल, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर में शाम 4 बजे से होगा। इसके मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अति विशिष्ट अतिथि मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, राज्य मंत्री मंजू बाघमार, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, विशिष्ट अतिथि निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, धोंद विधायक गोरधन वर्मा, पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, पूर्व पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा होंगे।

### जयपुर से 9.30 बजे रवाना होगी यमुना प्रवाह

भाजपा की ओर से पूरे भारत में निकाले जा रहे यूनिटी मार्च के तहत बुधवार को जयपुर से यमुना प्रवाह रवाना होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह 9.30 बजे अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना करेंगे। यह प्रवाह जयपुर से पुष्कर, अजमेर, जैतारण, जोधपुर, पाली, माउंट आबू होते हुए गुजरात में प्रवेश कर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया में समाप्त होगी। भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि मार्च का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में 26 नवंबर को कॉलेज संपर्क अभियान, पुष्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह, 27 को अजमेर में योग, छात्र संपर्क, पौधारोपण, जोधपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 28 को मेहरानगढ़ किला अवलोकन, पाली प्रस्थान, माउंट आबू में कार्यक्रम, 29 को आणंद के लिए प्रस्थान शामिल है। विभिन्न शहरों में भव्य स्वागत होगा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

**विधानसभा में 200 सदस्य पूरे, देवनानी ने दिलाई भाया को शपथ**

# पंचायत व निकाय चुनाव में हार के डर से करा रहे SIR: कांग्रेस

बेधड़क | जयपुर

अंता उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाने वाले नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद जैन भाया ने मंगलवार को विधानसभा में पद और गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने चैंबर में उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, पूर्व मंत्री अशोक चांदना, रोहित बोहरा, अमीन कागजी सहित कई कांग्रेस विधायक मौजूद रहे। शपथ के बाद विधानसभा में सदस्यों की संख्या फिर 200 हो गई और कोरम पूरा हो गया। शपथ ग्रहण के बाद जीत से उत्साहित कांग्रेस ने पंचायती राज और निकाय चुनावों को टालने के मामले को लेकर भाजपा को निशाने पर लिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा कह रही थी कि अंता उपचुनाव सेमीफाइनल है और 2028 का फाइनल इसकी दिशा तय करेगा। लेकिन अंता की जनता ने भाजपा को ऐसा आईना दिखाया कि सरकार ने नतीजे आते ही मुख्य सचिव तक बदल दिया। विधानसभा चुनाव में अभी तीन साल बाकी हैं, फिर एसआईआर इतनी जल्दी क्यों कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पंचायती राज और निकाय चुनाव में हार का डर सता रहा है, इसलिए आनन-फानन में एसआईआर कराया जा रहा है।

**■ कांग्रेस बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय और पंचायत चुनाव चाहती है: खर्रा**



*स्पीकर वासुदेव देवनानी के साथ अंता विधायक प्रमोद जैन भाया तथा अन्य कांग्रेस नेता।*

### कांग्रेस व विपक्षी दल कर रहे हैं अनावश्यक बयानबाजी: खर्रा


कांग्रेस के पंचायती राज और निकाय चुनावों को टालने के आरोपों पर पलटवार करते हुए यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि बिना ओबीसी आरक्षण के नगरीय निकाय चुनाव हों। कांग्रेस और विपक्षी दल चाहते हैं कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को नगरीय निकाय और पंचायत राज में प्रतिनिधित्व नहीं मिले। इसलिए वे अनावश्यक बयानबाजी करके माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। खर्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है कि जब तक राज्य पिछड़ा आयोग निकायवार अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित नहीं कर लेगा और फिर ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतवार अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकड़े एकत्रित नहीं कर लेगा, तब तक आप ओबीसी वर्ग के आरक्षण का निर्धारण नहीं कर सकते हैं।

### अंता के जनहित के मुद्दों को लगातार उठाता रहूंगा: भाया

शपथ लेने के बाद मीडिया से बातचीत में प्रमोद जैन भाया ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने मुझ पर भरोसा जताया, कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की और अंता की जनता ने आशीर्वाद दिया। अब जनहित के सभी मुद्दों को विधानसभा के अंदर-बाहर उठाता रहूंगा। पैसे बांटने के आरोपों पर भाया ने कहा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं, लेकिन मैं अपने काम पर फोकस रखता हूं। क्षेत्र का विकास और लोगों की सेवा ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर को यूरिया की कमी को लेकर फिर धरना दिया जाएगा। वहीं, अंता उपचुनाव प्रभारी व विधायक अशोक चांदना ने कहा कि कांग्रेस एकजुट होकर लड़ी और जनता ने भाया की 30-40 साल की मेहनत पर मुहर लगाई। इस दौरान उपनेता रामकेश मीणा, विधायक रोहित बोहरा, विधायक अमीन कागजी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

**राजस्थान एसआईआर में देश में अव्वल**

## 4,300 बूथों पर 100% डिजिटाइजेशन, 4.37 करोड़ गणना प्रपत्र अपलोड



*सम्मानित BLO के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी।*

बेधड़क | जयपुर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में राजस्थान ने देशभर में नंबर वन का तमगा हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राज्य में अब तक 4 करोड़ 37 लाख से अधिक गणना प्रपत्र एसीआई- नेट पर सफलतापूर्वक अपलोड हो चुके हैं। देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे एसआईआर अभियान में राजस्थान एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 4300 से ज्यादा बूथों पर शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका है। कई पंचायतों का डिजिटलाइजेशन भी अंतिम चरण में है। पोलिंग बूथ पर 100 प्रतिशत कार्य पूरा करने में बाड़मेर जिला अव्वल है। बाड़मेर में अब तक कुल 434 पोलिंग स्टेशनों पर शत प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। साथ ही, बालोतरा के 279 और चूरू के 213 पोलिंग स्टेशनों पर 100 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है।

### BLO बने प्रेरणा स्रोत

जयपुर में 95 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित बीएलओ में दिव्यांग बीएलओ, पहली बार जिम्मेदारी संभालने वाले बीएलओ, सेवानिवृत्ति के निकट पहुंच चुके बीएलओ तथा वे अधिकारी भी शामिल हैं। समारोह में चाकसू विधानसभा क्षेत्र के 23 बीएलओ, बस्सी विधानसभा क्षेत्र के 17 बीएलओ, आमेर विधानसभा क्षेत्र के 16 बीएलओ, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के 10 बीएलओ, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 9 बीएलओ, दूदू विधानसभा क्षेत्र के 7 बीएलओ, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 6 बीएलओ, बगरू विधानसभा क्षेत्र के 4 बीएलओ तो वहीं, चौमूं, फुलेरा एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के 1-1 बीएलओ को सम्मानित किया गया।

## रेहड़ी, ठेला और मशीन जैसे रोजगार संसाधन वितरित करने की तैयारी

बेधड़क | जयपुर



घुमंतू जाति चेतना बस्ती में 29 नवम्बर को रोजगार मेले के आयोजन की तैयारी के लिए बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता घुमंतू जाति कार्य के महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने की। बैठक में 60 लोगों को रोजगार के संसाधन देने के लिए चिन्हित किया गया। शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष प्रेम भंडारी मुख्य अतिथि होंगे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया कि देश की 15 करोड़ घुमंतू जाति के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। घुमंतू जाति उत्थान न्यास ने इस कठिनाई को समझते हुए बस्ती के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार शुरू करने के लिए रेहड़ी, ठेला, रिक्शा, सिलाई मशीन, बेल्डिंग मशीन और अन्य संसाधन देने की योजना बनाई है। बैठक में ऋषि गालव भाग के संयोजक ओम श्रीमाल, विजय रावत, समाजसेवी कमल शर्मा नागोरी, बाल संस्कार संचालिका सुमन सिंगीवाल, बस्ती के मंदिर के पुजारी और सैकड़ों महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने किए पीड़ितों को ₹48.12 लाख स्वीकृत

बेधड़क | जयपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला की बैठक में राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम-2011 (यथासंशोधित-2015) के तहत पीड़ितों को कुल 48,12,500 रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जयपुर के अध्यक्ष अजीत कुमार हिंगर की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मीटिंग में यह निर्णय लिया गया। बैठक में पारिवारिक न्यायाधीश क्रम-2 तसनीम खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला सचिव पवन कुमार जीनवाल, जयपुर जिला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता यादव, जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजमोहन मीणा, बार एसोसिएशन जयपुर अध्यक्ष संदीप लुहाडिया, जिला एवं सेशन न्यायालय जयपुर ग्रामीण लोक अभियोजक सुरेश कुमार शर्मा और डीएलआर सरोज आला उपस्थित रहे। बैठक में कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 27 पोक्सो प्रकरण और 7 जीवन हानि से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

**बेधड़क TOON**




## JTF पुरस्कार समारोह का ओम माथुर को दिया निमंत्रण



बेधड़क | जयपुर

जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) 11 से 14 दिसंबर तक जवाहर कला केंद्र में आयोजित होगा, जबकि 16 दिसंबर को होटल क्लार्क आमेर में अवार्ड सेरेमनी होगी। फेस्टिवल आयोजक मंडल ने स्वास्थ्य कल्याण भवन में सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर से मुलाकात कर उन्हें पुरस्कार समारोह के लिए निमंत्रण सौंपा। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा, जेटीएफ के मार्गदर्शक डॉ. एस.एस. अग्रवाल, फाउंडर पैट्रन धीरेंद्र के. गोधा, अध्यक्ष संजय खवाड़, उपाध्यक्ष डॉ. सर्वेश अग्रवाल, सचिव आनंद अग्रवाल, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी सदस्य शुभम अग्रवाल, पार्षद पारस जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**हाई कोर्ट का फैसला... विदेशी नागरिकों को भी अनुच्छेद 21 का संरक्षण**

# विदेशी नागरिकों को भी व्यक्तिगत स्वंतत्रता का अधिकार

**■ अवैध किडनी ट्रांसप्लांट मामले में बांग्लादेशी आरोपियों की याचिका निस्तारित**

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान हाई कोर्ट ने बहुचर्चित अवैध किडनी प्रत्यारोपण और मानव अंग तस्करी मामले में दो बांग्लादेशी नागरिकों की आपराधिक विविध याचिका निस्तारित करते हुए संविधान के अनुच्छेद 21 की व्याख्या को व्यापक बनाया। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और शीघ्र सुनवाई का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों तक सीमित नहीं, बल्कि भारत में मौजूद सभी व्यक्तियों- चाहे वे विदेशी हों को प्राप्त है। हाई कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 में प्रदत्त जीवन और गरिमा का अधिकार मानवाधिकार है, जो सभी मनुष्यों को उपलब्ध है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन (1980) और के. एस. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ (2017) के ऐतिहासिक फैसलों का हवाला देते हुए दोहराया कि बिना ट्रायल के लंबी हिरासत अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। निष्पक्ष और शीघ्र सुनवाई इस अनुच्छेद का अभिन्न अंग है, जिसमें भारतीय और विदेशी नागरिकों में कोई भेद नहीं है।

### ट्रायल में अत्यधिक देरी पर जताई नाराजगी

जयपुर की जवाहर सर्किल थाना पुलिस की ओर से मामला मार्च-अप्रैल 2024 में दर्ज किया गया। हरियाणा से गिरफ्तार याचिकाकर्ता नुरूल इस्लाम और अहसानुल कबीर सहित कई आरोपी हिरासत में हैं। सुनवाई के दौरान खुलासा हुआ कि ट्रायल कोर्ट ने अभी तक किसी आरोपी पर आरोप तय नहीं किए। इस देरी पर कोर्ट ने गंभीर नाराजगी जताई और कहा कि न्याय में देरी पीड़ित, अभियोजन और आरोपी सभी के हितों के विरुद्ध है। ऐसे संवेदनशील मामलों में सुनवाई तेज गति से होनी चाहिए।

### अप्रूवर की स्थिति और जमानत की मांग

याचिकाकर्ताओं ने जांच में सहयोग करते हुए सीआरपीसी धारा 306 के तहत 'अप्रूवर' बनने की अनुमति ली और अन्य आरोपियों के खिलाफ गवाही देने की सहमति दी। उन्होंने दलील दी कि वे अभियोजन की सहायता कर रहे हैं, इसलिए हिरासत अनावश्यक है। राज्य सरकार ने कड़ा विरोध किया। अभियोजन ने तर्क दिया कि धारा 306(4) स्पष्ट रूप से अप्रूवर को बयान रिकॉर्ड होने तक न्यायिक हिरासत में रखने का प्रावधान करती है। यदि इस चरण पर जमानत दी गई और गवाह शत्रुतापूर्ण हो गया तो दोबारा गिरफ्तारी कठिन होगी। हाई कोर्ट की बड़ी पीठ के 'नूर टकी उर्फ मम्मू बनाम राज्य' फैसले का भी हवाला दिया गया। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अप्रूवर बनना स्वत: जमानत का अधिकार नहीं देता। धारा 306(4) का उद्देश्य गवाह को बाहरी दबाव, धमकी, लालच या भय से मुक्त रखना है, ताकि उसका बयान स्वतंत्र और निष्पक्ष रहे। कोर्ट ने कहा कि यह प्रावधान साक्ष्यों की पवित्रता और न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा की रक्षा करता है।

https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

जयपुर, बुधवार, 26 नवंबर, 2025

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विसं 2082

वर्ष: 4 | अंक: 346

संविधान दिवस आज

पृष्ठ: 12 | मूल्य: 3.00

राम मंदिर के शिखर पर लहरा रही 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी धर्मध्वजा

**राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा, मोदी भावुक हुए: बोले... अब मानसिक गुलामी से मुक्ति का लक्ष्य**

# राम मंदिर ध्वजारोहण युगांतकारी, सदियों के जख्म भर रहे हैं: मोदी



अभिजीत मुहूर्त में 11.50 बजे 2 किलो की केसरिया धर्मध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहराई गई

**बेधड़क | अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहराई। इस ऐतिहासिक अवसर को उन्होंने 'युगांतकारी क्षण' बताते हुए कहा कि सदियों का इंतजार और घाव आज भर रहे हैं। उन्होंने कहा, '500 साल पुराना संकल्प आज पूरा हो रहा है। असत्य पर सत्य की विजय का यह प्रतीक है।' ध्वजारोहण समारोह में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक संत और गणमान्य उपस्थित रहे। इस दौरान अयोध्या की सड़कों पर हजारों लोग 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ पुष्प वर्षा करते दिखे। मोदी सुबह मंदिर पहुंचे और रामदरबार में पूजा-अर्चना व रामलला के दर्शन किए। इसके पश्चात 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में 2 किलो की केसरिया धर्मध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहराई गई। राम मंदिर के शिखर पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी धर्मध्वजा लहरा रही है। प्रधानमंत्री ने ध्वजा को प्रणाम करते हुए भावविभोर होकर सिर झुकाया।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्वजारोहण समारोह के दौरान आमजन का अभिवादन करते हुए। साथ में यूपी गवर्नर आनंदीबेन पटेल और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ।*

### 'सबका प्रयास, तभी विकसित भारत'

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बीते 11 वर्षों में महिला, दलित, पिछड़े, आदिवासी, किसान और युवा सभी को विकास के केंद्र में रखा है। उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति सशक्त होगा, तभी संकल्प सिद्ध होगा। 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर हमें विकसित भारत का निर्माण करना है। मोदी ने मंदिर निर्माण में योगदान देने वालों और हर रामभक्त के आशीर्वाद का आभार व्यक्त किया।


*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, यूपी गवर्नर आनंदीबेन पटेल और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या में राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के दौरान।*

### ऐतिहासिक यात्रा का नया पड़ाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह धर्मध्वजा सदियों तक प्रभु राम के आदर्शों का जयघोष करेगा। यह हमें प्रेरित करेगा कि हम ऐसा समाज बनाएं जहां कोई गरीब न हो, कोई पीड़ित न हो। उन्होंने आग्रह किया कि अयोध्या आने वाला हर भक्त सप्त मंदिर के दर्शन अवश्य करे, जो सामाजिक सद्भाव और समरसता का संदेश देते हैं।

### अयोध्या में सुरक्षा और भव्य स्वागत

शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया। मंदिर परिसर में 5-लेयर सुरक्षा तैनात रही। प्रधानमंत्री ने साकेत कॉलेज से रामजन्मभूमि तक 1.5 किमी रोड शो भी किया। छात्रों और महिलाओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### राम व्यक्ति नहीं, मूल्य और मर्यादा हैं

पीएम मोदी ने अपने 32 मिनट के संबोधन में कहा कि राम सिर्फ व्यक्ति नहीं, मूल्य हैं। मर्यादा हैं। दिशा हैं। अगर भारत को 2047 तक विकसित बनाना है, तो हर भारतीय के भीतर राम के आदर्शों को जगाना होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या की यह भूमि बताती है कि किस तरह एक सामान्य मनुष्य समाज के संस्कारों और शक्ति से मर्यादा पुरुषोत्तम बन सकता है। मोदी ने कहा कि भारत को अपनी सांस्कृतिक चेतना पर गर्व करते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने लॉर्ड मैकाले का उल्लेख करते हुए कहा, 190 साल पहले बोई गई मानसिक गुलामी की जड़ें अब भी शेष हैं। आने वाले 10 वर्षों में हमें इस मानसिक गुलामी से पूरी तरह मुक्त होना है। भारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र हमारे DNA में है। उन्होंने कहा कि धर्मध्वजा केवल एक ध्वज भर नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है, जिसका ओम अंकन और भगवा रंग रामराज्य के आदर्शों का प्रतीक है।



### राम मंदिर आंदोलन के बलिदानियों की आत्मा तृप्त हुई: भागवत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में जिन्होंने अपने प्राण अर्पण किए, आज उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक सिंघल सहित वे सभी जिन्होंने संघर्ष, पसीना और त्याग दिया, आज इस क्षण को देखकर प्रसन्न होंगे। मंदिर निर्माण अब शास्त्रीय रूप से पूर्ण हो चुका है और ध्वजारोहण ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि जैसे रथ संचालित करने के लिए सारथी आवश्यक होता है, वैसे ही भारत को विश्व में शांति फैलाने वाली शक्ति बनकर आगे आना होगा।

### पीढ़ियों की प्रतीक्षा पूरी हुई: योगी

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह यज्ञ की पूर्णाहुति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। 2014 में शुरू हुई संभावना आज संकल्प और विश्वास बनकर साकार हुई है। श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का प्रतीक है। 500 वर्षों तक साम्राज्य बदलते रहे, लेकिन आस्था अडिग रही। कभी बदहाली का प्रतीक रही अयोध्या, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन चुकी है, जहां हर दिशा में रामराज्य की अनुभूति है।

## जरूरी खबर

### 'धार्मिक आदेश न मानने पर बर्खास्तगी सही'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा न लेने पर हुई बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि अधिकारी का आचरण 'गंभीर अनुशासनहीनता' है और सेना जैसी संस्था में अस्वीकार्य है। कोर्ट ने माना कि अफसर ने रेजिमेंट की पारंपरिक धार्मिक प्रक्रिया का पालन न करके जवानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। इसके साथ ही हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की 'आप सेना के लायक नहीं।'

## ये भी देखें...

सांवलिया सेठ के भंडार से चार चरणों में निकले ₹36 करोड़ पेज-4

सत्य और धर्म की रक्षा के लिए गुरु ने दिया बलिदान: मोदी पेज-8

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**गहलोत पर मुख्यमंत्री भजनलाल का करारा पलटवार**

# अधिकारी न आपके, न हमारे... वे सरकार के होते हैं: मुख्यमंत्री

**बेधड़क | पाली/जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर तीखा जवाब देते हुए कहा कि गहलोत सरकार के समय आरएएस जैसी परीक्षाओं में नेताओं और उनके रिश्तेदारों का चयन होता था, जबकि आज गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के बच्चे सफल हो रहे हैं। पाली जिले के बाली में 110 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि गहलोत इस बात का आरोप लगा रहे हैं कि वे उन्हीं अधिकारियों से काम करा रहे हैं जो उनके कार्यकाल में थे। इस पर भजनलाल ने पलटवार किया कि 'अधिकारी न आपके होते हैं, न हमारे... अधिकारी सरकार के होते हैं। लेकिन यही अधिकारी आपके समय युवाओं के सपनों को रौंदते थे। 19 में से 17 पेपर लीक करवाने वाले कौन थे? इसका जवाब गहलोत दें।



### डबल इंजन सरकार सपने पूरा करेगी

मुख्यमंत्री ने आरएएस परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बार ग्रामीण, गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों ने सफलता पाई है, जो इस सरकार के कामकाज में पारदर्शिता का प्रमाण है। 23 महीनों में ही सरकार ने ठोस काम करके दिखाया है। राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए, जिनमें से 7 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट जमीन पर उतर चुके हैं। गहलोत सरकार के समय कितने एमओयू क्रियान्वित हुए, यह जनता अच्छी तरह जानती है। 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र की नौकरियां देने का लक्ष्य है। अब तक 92 हजार नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं और दिसंबर में रोजगार उत्सव के दौरान और नियुक्तियां जारी होंगी। उन्होंने युवाओं से कहा कि पिछली सरकार ने सपनों को रौंदा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आपके सपने पूरा करेगी।

### 2 साल में पूर्व सरकार से ज्यादा काम

भजनलाल ने दावा किया कि 21 महीनों में पूर्व सरकार के पांच वर्षों की तुलना में सवा गुना फार्म पॉन्ड, ढाई गुना तारबंदी, ढाई गुना पशु चिकित्सालय अपग्रेड और चार गुना बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय विकसित किए गए हैं। कार्यक्रम में जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद मदन राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीएम ने सभी से विकसित राजस्थान-विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने 63.60 करोड़ की लागत से जिला चिकित्सालय बाली के नए भवन निर्माण और 18.95 करोड़ से निष्क्रमणीय पशुपालक बालक आवासीय विद्यालय का शिलान्यास किया।


**इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा**

# राख का गुबार 4300 किमी दूर भारत तक पहुंचा.. उड़ानें रद्द

■ भारत से पूर्व दिशा में हटकर चीन की ओर बढ़ा गुबार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

इथियोपिया के अफार क्षेत्र में स्थित हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल की शांत अवधि के बाद रविवार को फट गया। इस भीषण विस्फोट से उठी राख और सल्फर डाइऑक्साइड की विशाल मात्रा लगभग 14–15 किलोमीटर ऊंचाई तक पहुंच गई और लाल सागर पार करते हुए यमन, ओमान और आगे भारत तक फैल गई। सोमवार देर रात यह राख राजस्थान, गुजरात, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और हरियाणा के आसमान में भी देखी गई। राख के कणों से उड़ानों को खतरा होने के कारण एयर इंडिया ने मंगलवार को 11 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हुई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और मौसम विभाग स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार ऊंचाई पर मौजूद राख के कण विमान इंजन को नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए सतर्कता बढ़ाई गई है।



### मौसम या वायु गुणवत्ता पर कोई असर नहीं

IMD के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि राख केवल ऊपरी वातावरण में है और इसका किसी भी क्षेत्र के मौसम या वायु गुणवत्ता पर कोई असर नहीं पड़ेगा राख का बादल मंगलवार शाम तक भारत से पूर्व दिशा में हटकर चीन की ओर बढ़ गया। अब तक किसी जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन यमन और ओमान की सरकारों ने सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। यह ज्वालामुखी बेहद पुराना और शांत माना जाता था, इसलिए इसके विस्फोट का कोई पूर्व रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था।

**सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी... राज्यों–केंद्र से मांगा तीन सप्ताह में जवाब**

# हिरासत में मौत व्यवस्था पर कलंक: सुप्रीम कोर्ट

### राजस्थान में 2025 के पहले आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों का खुलासा

**बेधड़क | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हिरासत में हिंसा और मौतें भारत की व्यवस्था पर गहरा धब्बा हैं और देश अब इसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश विक्रमनाथ और संदीप मेहता की पीठ ने राजस्थान में आठ महीनों में 11 पुलिस हिरासत मौतों का उल्लेख करते हुए कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने स्पष्ट किया कि आप हिरासत में मृत्यु नहीं होने दे सकते। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी माना कि हिरासत में मौतों को उचित नहीं ठहराया जा सकता।



### CCTV न लगाने वाले राज्यों को फटकार

सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया था, जिसमें राजस्थान में 2025 के पहले आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों का खुलासा हुआ था। इससे पहले, 2018 में भी शीर्ष अदालत ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने जिन राज्यों ने आदेशों का पालन नहीं किया उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि शीघ्र आदेश की पालना हो।

### हलफनामा नहीं तो अफसर होंगे तलब

पीठ को बताया गया कि अब तक केवल 11 राज्यों ने हलफनामा दाखिल किया है। मध्यप्रदेश द्वारा सभी थानों को जिला नियंत्रण कक्ष से जोड़ने की पहल की अदालत ने सराहना की। जब सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि थानों में सीसीटीवी जांच को प्रभावित कर सकते हैं, तो पीठ ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां फुटेज की लाइव स्ट्रीमिंग तक होती है। अदालत ने यह भी जोड़ा कि वह 'ओपन जेल' जैसे मॉडल पर विचार कर रही है, जो जेलों की भीड़ और हिंसा जैसी समस्याओं का समाधान हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी लंबित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तीन सप्ताह का समय देते हुए अगली सुनवाई 16 दिसंबर को निर्धारित की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो संबंधित अफसरों को स्वयं उपस्थित होना पड़ेगा।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2026: 29 दिन में होंगे 55 मैच**

# भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 15 फरवरी को

**एजेंसी | मुंबई**

आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। सबसे रोमांचक मुकाबला माने जा रहे भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में संयुक्त रूप से आयोजित होगा, जिसमें 29 दिनों में कुल 55 मैच खेले जाएंगे। इस बार टूर्नामेंट में 20 टीमें होंगी, जिन्हें 4 ग्रुप में बांटा गया है। मुंबई में आयोजित सेरेमनी में आईसीसी ने बताया कि उद्घाटन मैच 7 फरवरी को पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच होगा। ग्रुप स्टेज में प्रतिदिन तीन मैच होंगे, जबकि फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए भारत के विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।



## जरूरी खबर

### पूर्व मंत्री की पत्नी के खिलाफ ACB में मामला दर्ज




**कोटा।** पूर्व मंत्री स्व. भरत सिंह की पत्नी मीना कुमारी के खिलाफ एसीबी ने मुकदमा दर्ज किया है। कुंदनपुर की पूर्व सरपंच मीरा कुमारी के खिलाफ सांगोद के उप प्रधान ओम नागर अडूसा ने शिकायत दी थी, जिसमें आबादी भूमि के पट्टे जारी करने, गुरु गोलवलकर योजना के तहत बने श्मशान, नर्सरी भवन और चार दीवारी निर्माण में कई अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। शिकायत के बाद पंचायती राज विभाग ने जांच करवाई। जांच रिपोर्ट में तत्कालीन सरपंच मीना कुमारी और तत्कालीन ग्राम सचिव दोषी पाए गए।

### रेप कर वीडियो बनवाने वाला बीजेपी नेता अरेस्ट

**बाड़मेर।** गुड़ामालानी थाना इलाके में पड़ोस की महिला से रेप करने के मामले में भाजपा नेता को पुलिस ने 25 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया था, जिसे भाजपा नेता ने एडिट बताया था। दावा किया था कि ये मुझे फंसाने की साजिश है। इसके बाद विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी और कहा था कि आरोपी ने उसे जबरन खेत पर जाते हुए पकड़ लिया और अपने ही साथी से इसका वीडियो भी बनवाया। इसके बाद उसे धमकाया कि मेरी पहुंच ऊपर तक है। कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। जांच के बाद पुलिस ने भाजपा नेता को गिरफ्तार किया। वहीं, मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### नरेश मीणा पर FIR, PM-CM पर अभद्र टिप्पणी के आरोप



**करौली।** युवा नेता नरेश मीणा एक बार फिर मुश्किलों में पड़ते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ सपोटरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह मामला भाजपा जिला विधि प्रकोष्ठ के सह-संयोजक विकास सिंह की शिकायत पर दर्ज हुआ। दरअसल, डूंगरी बांध के विरोध में 21 नवंबर को सपोटरा उपखंड की ग्राम पंचायत जोड़ली में महापंचायत आयोजित की गई थी। इस दौरान भाषण देते हुए नरेश मीणा पर पीएम और सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करने का आरोप है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला गरमा गया।

## भंडार की गणना का चौथा चरण पूरा: आखिरी चरण में होगा सोने-चांदी का तौल

# सांवलिया सेठ के भंडार से चार चरणों में निकले ₹36 करोड़

■ 2024 में दिवाली के बाद खुले भंडार में दो माह में 35 करोड़ का दान आया था, जो सबसे ज्यादा दान का रिकॉर्ड था



सांवलिया सेठ की प्रतिमा। (दाएं) भंडार की राशि के साथ मंडल सदस्य।

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में दान पात्र से निकली चढ़ावा राशि की गणना का चौथा चरण मंगलवार शाम को पूरा हुआ। मंगलवार शाम तक चार चरण में अब तक 36 करोड़ रुपए चढ़ावा राशि की गणना हो चुकी है। बुधवार सुबह शेष रही राशि की गणना होगी। प्रतिमाह कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को सांवलिया सेठ का भंडार खोला जाता है। भंडार से चढ़ावा राशि की गणना का कार्य लगातार जारी है। इस बार छह से सात दौर में गणना होने की संभावना जताई जा रही है। दो माह का भंडार खोलने और दीपावली के समय महाराष्ट्र एवं गुजराती पर्यटकों की संख्या अधिक होने से चढ़ावा राशि का भी नया रिकॉर्ड बनने की संभावना जताई जा रही है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम ने बताया कि गत बुधवार को कृष्णपक्ष चतुर्दशी के पावन पर्व पर सांवलिया सेठ के दो दिवसीय मासिक मेले के पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच राजभोग आरती के बाद ठाकुरजी का भंडार खोला गया था। साल 2024 में दिवाली के बाद खुले भंडार में दो महीने में 35 करोड़ रुपए का दान आया था, जो अब तक का सबसे ज्यादा दान का रिकॉर्ड है।

### पहले राउंड में निकले थे 12 करोड़ रुपए

गत बुधवार को पहले चरण की गणना में 12 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। दूसरे चरण की गणना में 8 करोड़ 54 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई। सोमवार को तीसरे चरण की गिनती की गई। तीसरे चरण की गणना में 7 करोड़ 8 लाख 80 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। चौथे चरण की गणना मंगलवार को राजभोग आरती के बाद शुरू की गई। शाम तक 8 करोड़, 15 लाख 80 हजार रुपए की गणना हुई। शाम होने के बाद चढ़ावा राशि की गणना का कार्य रोक दिया गया। ऐसे में चार चरण में कुल 36 करोड़ 13 लाख 60 हजार रुपए की दान राशि प्राप्त हो चुकी है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच हुई गणना

श्री सांवलियाजी मंडल के अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, लेखाकार व प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय राजेंद्रसिंह, मंदिर व्यवस्था व संपदा प्रभारी भैरू गिरी गोस्वामी, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह, गोशाला प्रभारी गंगाराम गुर्जर, सहायक सुरक्षा प्रभारी सुरेशचंद्र नगारची, बिहारी गुर्जर सहित मंदिर मंडल तथा क्षेत्रीय बैंकों के कर्मचारियों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के बीच राशि की गणना की गई।

### अंतिम दिन होगा सोने-चांदी का वजन

मंदिर मंडल के भेंट कक्ष कार्यालय में नकद, मनी ऑर्डर, ऑनलाइन के रूप में प्राप्त राशि की गणना और भेंट स्वरूप प्राप्त सोना तथा चांदी का वजन करना अभी शेष है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि अंतिम दिन भगवान श्री सांवलिया सेठ के भंडार से प्राप्त सोना और चांदी की वस्तुओं का तौल किया जाएगा।

## धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व के प्रस्ताव के विरोध में महापंचायत

# ग्रामीणों की हुंकार... सेंचुरी के नाम पर विस्थापन मंजूर नहीं

■ ग्रामीणों ने गांव बचाने का आंदोलन तेज किया, बोले- गांव उजड़ने नहीं देंगे

**बेधड़क** | करौली

धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व सेंचुरी के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को मंडरायल क्षेत्र स्थित खान की चौकी पर सर्व समाज की विशाल महापंचायत हुई। हजारों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने सेंचुरी की आड़ में संभावित विस्थापन को लेकर तीखा रोष प्रकट किया। मंच पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा कि सेंचुरी के नाम पर विस्थापन मंजूर नहीं है।

ग्रामीणों के एक स्वर में कहा कि गांवों को उजाड़कर परियोजना लागू करना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं होगा। महापंचायत में वक्ताओं ने टाइगर रिजर्व के प्रस्ताव को जनविरोधी करार दिया। ग्रामीणों का कहना था कि सदियों से बसे गांव, खेती-बाड़ी, गोचर भूमि और आजीविका के स्थायी साधनों पर होने वाले संकट की अनदेखी कर सरकार वन्यजीव संरक्षण के नाम पर लोगों को बेघर करना चाहती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टाइगर रिजर्व की प्रक्रिया में स्थानीय लोगों से संवाद, सर्वे और सहमति जैसे बुनियादी पहलू पूरी तरह नजरअंदाज किए गए।



करौली के मंडरायल में आयोजित महापंचायत में उपस्थित ग्रामीण।

### महापंचायत में ग्रामीणों की तीन प्रमुख मांगें

- केंद्र सरकार करौली-धौलपुर टाइगर रिजर्व सेंचुरी की अधिसूचना को तुरंत रद्द करे।
- राज्य सरकार किसी भी प्रकार की जमीन पर बसे और खेती करने वाले ग्रामीणों को खातेदारी अधिकार देकर मालिकाना हक प्रदान करे।
- राजस्व गांवों के बीच के पुराने सरकारी रास्तों को राजस्व अभिलेखों में पुनः खोलकर सुरक्षित किया जाए।

### सरकार ने 15 दिन में निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन होगा उग्र: रमेश मीणा

महापंचायत में सपोटरा के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई एकजुटता से ही जीती जा सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार 15 दिन में कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो चंदेलीपुरा में और बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी। मीणा ने आंदोलन को व्यापक स्वरूप देने और गांव-गांव जाकर समर्थन जुटाने की अपील की।

### गांव नहीं छोड़ने का लिया संकल्प

महापंचायत में उपस्थित हजारों ग्रामीणों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे अपने गांवों को किसी भी हालत में खाली नहीं करेंगे और टाइगर सेंचुरी के प्रस्ताव का विरोध लगातार जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सरकार वार्ता के लिए आगे नहीं आएगी, तो आंदोलन को और अधिक उग्र व व्यापक किया जाएगा।

## ट्रक चालक हाईवे पर टायर बदल रहा था

# तेज रफ्तार लग्जरी बस खड़े ट्रक में घुसी, 2 की मौत व 20 यात्री घायल

**बेधड़क** | अलवर

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पिनान कट के पास मंगलवार सुबह लग्जरी बस ने खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस कंडक्टर और ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बस और ट्रक के ड्राइवर समेत 20 लोग घायल हो गए। एक्सीडेंट के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने घायलों को बस से निकाला और एम्बुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया। बस में आगे के हिस्से में बैठे यात्रियों को ज्यादा चोट आई है। राजगढ़ थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि दिल्ली से अहमदाबाद जा रही बस में 36 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, ट्रक का टायर पंचर हो गया था। खलासी टायर बदलने में लगा हुआ था। तभी अचानक तेज रफ्तार बस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक खलासी हारून पुत्र अब्दुल निवासी नूंह और लग्जरी बस के कंडक्टर रोशन (30) निवासी कोटपूतली की मौके पर ही मौत हो गई। 20 घायलों को एम्बुलेंस से पिनान अस्पताल पहुंचाया, जहां से कुछ घायलों को गंभीर हालत में अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



अलवर में सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बस।

गंभीर घायल बस ड्राइवर विराट नगर निवासी भैरूंराम को अलवर से जयपुर रेफर कर दिया गया।

### कार ने महिला को कुचला, मौत

**हनुमानगढ़।** टाउन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक महिला को कुचल दिया। महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कार तेज स्पीड में गली में घुसी तो लोग बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। महिला ने भी भागने की कोशिश की, लेकिन कार उसे कुचलते हुए निकल गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। एएसपी अरविंद बिश्नोई ने बताया कि मृतका की पहचान रेखा (40) पत्नी वीरेंद्र कुमार निवासी सिकलीगर मोहल्ला, हनुमानगढ़ टाउन के रूप में हुई है।

## गणपतसिंह हत्याकांड: बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

# धरना स्थगित... सांसद की समझाइश पर बुजुर्ग महिला ने 9 दिन बाद तोड़ा अनशन

**बेधड़क** | जालोर

व्यापारी गणपतसिंह हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस 15 महीने बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई। बेटे के हत्यारों को पकड़ने की मांग को लेकर 80 साल की बुजुर्ग मां 9 दिन से भूख हड़ताल पर बैठी रही। मंगलवार शाम को जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी और राजपूत समाज के लोग धरना स्थल पर पहुंचे और समझाइश के साथ परिजनों का अनशन समाप्त करवाया। फिलहाल, धरना स्थगित कर दिया गया है। इधर, राजपूत समाज के लोगों ने कहा कि मामले का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले सुबह राजपूत समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट के सामने महापड़ाव शुरू किया था। इस दौरान धरना स्थल पर समाज के नेताओं ने संबोधित भी किया। दिनभर प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान समाज के नेताओं ने 30 दिन में हत्यारों को पकड़ने की मांग रखी।



परिजनों से बातचीत करते सांसद लुंबाराम चौधरी व समाज के लोग।

## मादक पदार्थ के खिलाफ जोधपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 22 क्विंटल डोडा पोस्त और 6 वाहन जब्त

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर जिला स्पेशल टीम और शेरगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत देड़ा के धोरों में नाड़ी के आगोर से 22 क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। टीम ने मौके से चार कार, एक पिकअप और एक ट्रैक्टर सहित कुल छह वाहन भी जब्त किए हैं। यह कार्रवाई ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। स्पेशल टीम प्रभारी श्रवण भंवरिया और शेरगढ़ थाना अधिकारी बुधाराम के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। पुलिस के अनुसार तस्कर डोडा पोस्त खाली कर वाहनों से रवाना हो रहे थे। कुछ वाहन मौके से निकल गए, जबकि कुछ वाहन अपने हिस्से का माल लेकर भाग खड़े हुए। अचानक पुलिस को आता देख कई तस्कर घबराहट में वाहन वहीं छोड़कर धोरों की ओर भाग गए।



जब्त किया गया डोडा पोस्त।

### तस्करों की खोजबीन जारी

पुलिस ने मौके पर मिले सभी वाहनों और डोडा पोस्त को शेरगढ़ थाने में जमा करवा दिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं, पुलिस टीम तस्करों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि डीएसटी की यह इस सप्ताह की दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले ओसियां क्षेत्र में 29 किलो अफीम का दूध पकड़ा गया था।

## खेमली पंचायत समिति का दर्जा छीनने पर विरोध

# ग्रामीणों का आक्रोश... विरोध-प्रदर्शन, बाजार रहे बंद

**बेधड़क** | उदयपुर

पंचायतीराज विभाग द्वारा किए गए ताजा पुनर्गठन में खेमली पंचायत समिति का दर्जा समाप्त कर घासा को नई पंचायत समिति घोषित करने के विरोध में मंगलवार को खेमली कस्बा पूरी तरह बंद रहा। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने सामूहिक रूप से बाजार बंद कर रोष जताते हुए विरोध-प्रदर्शन किया।

इस दौरान लोगों ने घासा मार्ग पर पुतले व टायर जलाकर विरोध जताया और सड़क जाम कर नारेबाजी की, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही डबोक थानाधिकारी हुकुम सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा कर रास्ता खुलवाया। थानाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि अपनी मांगों को ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाएं, लेकिन राहगीरों को परेशानी में न डालें। इस दौरान चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के खिलाफ भी तीखा आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना था कि जनप्रतिनिधि होते हुए भी उन्होंने खेमली के हितों की अनदेखी की है।




खेमली कस्बे में मंगलवार को विरोध स्वरूप बाजार बंद रहे।

### घासा बनाई नई पंचायत समिति

अधिसूचना के अनुसार नई घासा पंचायत समिति में कुल 26 ग्राम पंचायतें शामिल की गई हैं, जिसमें नुरड़ा, पलाना खुर्द, विरधोलिया, घासा, डबोक, तुलसीदास की सराय, मेड़ता, नांदवेल, धुणीमाता, खेमली, गुड़ली, नामरी, धोलीमगरी, पलाना कलां, महुड़ा, सिंदू, मांगथला, रख्यावल, सांगवा, विजनवास, नउवा, चंदेसरा, रठाना, मंडी की मगरी, मोतीखेड़ा और गादोली शामिल है। ग्रामीणों का कहना है कि कांग्रेस शासन में खेमली को पंचायत समिति का दर्जा मिला था और कार्यालय भी सुचारू रूप से चलने लगा था, लेकिन भाजपा सरकार की नई अधिसूचना में खेमली से यह दर्जा छीन लिया गया। इससे खेमली मात्र एक ग्राम पंचायत रह जाएगी और वह भी अब घासा पंचायत समिति के अधीन काम करेगी।


### यह स्थानीय जनता के साथ अन्याय

ग्रामीणों का कहना है कि यदि घासा को पंचायत समिति बनाना ही था तो नई समिति बनाई जा सकती थी, लेकिन खेमली की पहले से घोषित और कार्यरत पंचायत समिति को समाप्त करना स्थानीय जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अधिसूचना वापस नहीं ली तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। दिनभर विरोध-प्रदर्शन और बाजार बंद रहने से खेमली कस्बे में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने साफ कहा कि सरकार ने अगर अधिसूचना वापस नहीं ली, तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# लॉरेंस बिश्नोई के नाम की जैकेट बेचते 3 गिरफ्तार

**बेधड़क** | कोटपूतली

पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के बाद पुलिस ने अपराधियों और गैंगस्टरों को लाइक-फॉलो करने और उनका प्रचार-प्रसार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी। इसी क्रम में कोटपूतली पुलिस ने कस्बे में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का महिमामंडन करने वाली वस्तुएं बेचने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कोटपूतली के सिटी प्लाजा से लॉरेंस बिश्नोई के नाम का प्रचार करने वाली जैकेट बेचते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारशुदा व्यक्तियों के पास से 35 जैकेट जब्त की गई हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान कृष्ण उर्फ गुड्डू पुत्र महावीर शर्मा (38), संजय सैनी पुत्र नंछूराम (31) और सुरेशचन्द शर्मा पुत्र मोहरे लाल (50) के रूप में हुई है। ये तीनों ही कोटपूतली क्षेत्र के निवासी हैं।



## जरूरी खबर

### स्मैक तस्कर पकड़ा, 24.50 ग्राम मादक पदार्थ बरामद



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट के उत्तर जिले की भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन और ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्कर इमरान खान (40) को गिरफ्तार किया। शेखावतों की छतरी, नाहरी का नाका निवासी इमरान से 24.50 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जबकि परिवहन में उपयोग की जा रही हीरो होण्डा मोटरसाइकिल भी जब्त हुई। डीसीपी करण शर्मा ने बताया कि पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल और विशेष पुलिस आयुक्त (ऑपरेशन्स) राहुल प्रकाश के निर्देश पर यह अभियान चल रहा है। एडीसीपी बजरंग सिंह शेखावत, एसीपी सुरेंद्र सिंह और थानाधिकारी दीपक त्यागी के नेतृत्व में टीम ने 90 फीट रोड पर आरोपी को दबोचा। इमरान सुनसान जगहों पर स्मैक बेचता था।

### फरार चल रहे अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार के ईनामी अपराधी बहरोड़ निवासी दिनेश जाट को मानसरोवर से दस्तायाब किया। इसमें उ.नि.संदीप, हेड कानि. नरेन्द्र की अहम भूमिका रही। टीम में एएसआई कमल सिंह, कानि. कुमेर व कृष्ण कुमार शामिल रहे। वहीं, सीएसटी ने दूसरी कार्रवाई में 5000 रुपए के ईनामी आरोपी अशोक शर्मा (58) को दबोचा। इसमें धर्मेंद्र, जगदीश की अहम भूमिका रही। डीसीपी क्राइम अभिजीत सिंह ने बताया कि आरोपी पिछले 11 साल से मोरबी गुजरात में फरारी काट रहा था।

### आरयू ने डिग्री के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य की




**बेधड़क, जयपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत राजस्थान यूनिवर्सिटी ने स्नातक कोर्स में इंटर्नशिप को अनिवार्य कर दिया है। बिना इंटर्नशिप के डिग्री मान्य नहीं होगी। हर छात्र को कम से कम 3 सप्ताह की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी और सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य है। सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही पूर्ण डिग्री प्रदान की जाएगी। फिलहाल छात्र इंटर्नशिप की प्रक्रिया को लेकर असमंजस में हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि यह सभी के लिए बाध्यकारी है।

---

**सर्दियों में उड़ानों के संचालन के लिए जयपुर एयरपोर्ट पर तैयारी तेज**

# कैट-3 सिस्टम से कम विजिबिलिटी में भी होगी सुरक्षित लैंडिंग

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। हर साल सर्दियों में कई उड़ानें देर से संचालित होती हैं या डायवर्ट करनी पड़ती हैं, इसलिए इस बार एयरपोर्ट प्रबंधन पहले से ही सतर्क है। एयरपोर्ट पर कैट-3 इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम सक्रिय किया गया है, जिसे दुनिया की सबसे आधुनिक नेविगेशन तकनीकों में से एक माना जाता है। इस सिस्टम की मदद से बहुत कम विजिबिलिटी होने पर भी विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेक-ऑफ संभव हो पाता है।

- रनवे लाइटिंग और स्टाफ की विशेष तैनाती




### कोहरे की स्थिति से निपटने के पूरे इंतजाम

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार रनवे की मार्किंग, रनवे लाइट और अप्रोच लाइट की पूरी जांच और रखरखाव किया जा रहा है, ताकि कोहरे के समय किसी तरह की दिक्कत न आए। इसके अलावा, लो-विजिबिलिटी ऑपरेशंस के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को भी तैनात कर दिया गया है। जयपुर एयरपोर्ट राजस्थान सहित आसपास के कई राज्यों के लिए मुख्य डायवर्जन सेंटर है। पिछले साल दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच 80 से अधिक फ्लाइटें कोहरे के कारण यहां डायवर्ट होकर आई थीं, जिन्हें एयरपोर्ट ने बिना किसी समस्या के संभाला था। इस बार भी ऐसी स्थिति की आशंका को देखते हुए तैयारियां पूरी रखी गई हैं।

**तकनीकी खराबी से एक दर्जन उड़ानें प्रभावित**

## फ्लाइट पांच घंटे लेट, यात्रियों का हंगामा

मंगलवार को जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन का शेड्यूल पूरी तरह बिगड़ गया। इंडिगो एयरलाइंस की कई उड़ानें घंटों लेट होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से शाम तक करीब एक दर्जन उड़ानें लेट रहीं, जिससे एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। कई फ्लाइट पांच घंटे की देरी से उड़ान भर पाईं। इंडिगो की जयपुर–लखनऊ फ्लाइट 6E-7482 में तकनीकी खराबी आ गई। यह फ्लाइट दोपहर 12:30 बजे रवाना होनी थी, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते एयरलाइन ने दूसरा विमान उपलब्ध कराया, जिसके बाद फ्लाइट दोपहर 2:30 बजे लखनऊ के लिए रवाना हुई। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार की देरी का कारण तकनीकी खराबियां और कुछ क्षेत्रों में कम दृश्यता की स्थिति रही। हालांकि, सर्दियों से पहले की तैयारियां पूरी हैं।

### इन उड़ानों में हुई देरी

- जयपुर–चंडीगढ़ फ्लाइट 6E-7516, जो दोपहर 1:45 बजे उड़ान भरने वाली थी, करीब 5 घंटे देरी से शाम 6:15 बजे रवाना हुई।
- दिल्ली की फ्लाइट 6E-5096 भी तय समय 1:55 बजे की बजाय करीब 3 बजे उड़ सकी।
- उदयपुर जाने वाली फ्लाइट 6E-7517, जो सामान्य रूप से शाम 5:30 बजे उड़ती है, लगभग रात 9:15 बजे रवाना हुई।

---

**422 प्रकरण, शून्य कार्रवाई: अवैध कॉलोनियों पर क्यों नहीं लग रहा अंकुश?**

# कानून सख्त, कार्रवाई ढीली... भू-कारोबारियों के हौसले बुलंद

- शहर का नियोजित विकास खतरे में, सरकारी राजस्व को करोड़ों की चपत

**अभिषेक श्रीवास्तव** | बेधड़क

**जयपुर।** राजधानी के चारों ओर तेजी से काटी जा रही अवैध कॉलोनियों ने नगर नियोजन और सरकारी एजेंसियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेडीए वर्षों से तोड़फोड़ की कार्रवाई तो करता आ रहा है, लेकिन सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद न तो कॉलोनियां रुक रही हैं और न ही भू-कारोबारियों के हौसले कम होते दिख रहे हैं। नतीजा शहर का नियोजित विकास खतरे में है और अवैध कॉलोनियों से सरकारी राजस्व को करोड़ों की चपत भी लग रही है। राजधानी की बाहरी परिधि में कृषि भूमि पर लगातार अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। इकोलॉजिकल जोन तक को नहीं छोड़ा जा रहा है। जेडीए का प्रवर्तन दस्ता कार्रवाई करता है, बुलडोजर चलता है, लेकिन दूसरे ही दिन सड़कें फिर बिछने लगती हैं, चारदीवारियां दोबारा खड़ी हो जाती हैं। कई जगह एक ही कॉलोनी पर तीन से चार बार कार्रवाई हो चुकी है, फिर भी अवैध विकास पर लगाम नहीं लग पा रही।



### कॉलोनियों के उदाहरण बताते हैं ढीली कार्रवाई का सच

- **ग्राम बस्सी (आगरा रोड):** 7 बीघा भूमि पर वेयरहाउस के नाम पर कॉलोनी बसाई जा रही थी। 21 अगस्त को कार्रवाई, फिर भी निर्माण जारी। 28 अक्टूबर को दोबारा तोड़फोड़।
- **ग्राम पीपला भरत सिंह:** मई में पहली कार्रवाई, सितंबर में दूसरी कार्रवाई करनी पड़ी।
- **वृंदावन विहार, पवालिया:** जेडीए ने 20 नवम्बर 2024, 7 फरवरी 2025, 16 मई 2025 और 29 सितंबर को चौथी बार कार्रवाई की।
- **नेचर फार्म, बेगस रोड:** 11 अक्टूबर, 20 नवम्बर 2024 व 4 मार्च 2025 तीन बार कार्रवाई।
- **बालाजी विहार, अभयपुरा:** 3 मार्च को कार्रवाई, लेकिन निर्माण फिर शुरू जिसके बाद 22 मार्च को दोबारा तोड़फोड़।

### सख्त कानून मौजूद, लेकिन पालना शून्य

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 177 और 178 के तहत कृषि भूमि का बिना स्वीकृति गैर-कृषि उपयोग करने पर खातेदारी निरस्त की जा सकती है, लेकिन जेडीए के प्रयास कागजों में ही अटके रहे। पिछले पांच वर्षों में जेडीए ने 422 प्रकरण तहसील कार्यालयों को भेजे, ताकि एसडीएम अदालत में वाद दर्ज हो सके, मगर अब तक एक भी खातेदारी निरस्त नहीं हुई। कई मामले तहसील स्तर से आगे नहीं बढ़े और जो एसडीएम न्यायालय पहुंचे, उनकी कार्रवाई बेहद धीमी रही। विशेषज्ञों का कहना है कि 10-12 प्रकरणों में भी खातेदारी निरस्त कर दी जाए, तो भू-कारोबारियों की हिम्मत चूर हो जाएगी और अवैध कॉलोनियों का नासूर काफी हद तक खत्म हो जाएगा।

### आंकड़े बता रहे जमीनी हकीकत

**वर्ष 2024 — 383**
अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

**वर्ष 2025 — 325**
कॉलोनियों में तोड़फोड़

### अवैध कॉलोनियों पर क्यों जरूरी है रोक?

जेडीए के मास्टर प्लान में पूरे क्षेत्र का भू-उपयोग तय है। इकोलॉजिकल जोन संरक्षित क्षेत्र है, जहां बसावट पर उच्च न्यायालय तक ने रोक लगाई है। आवासीय, व्यावसायिक, संस्थानिक उपयोग के लिए टाउनशिप नीति व भवन विनियम बने हुए हैं। इनका उद्देश्य लोगों को सड़क, पार्क, सीवरेज, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना है। लेकिन अवैध कॉलोनियों में संकरी सड़कें, बिना पार्क, बिना सुविधाएं, सब कुछ बेचा जाता है। यहां रहने वालों का जीवन नारकीय हो जाता है और शहर की भविष्य की प्लानिंग बर्बाद हो जाती है। साथ ही जेडीए को मिलने वाला भू-रूपांतरण, लेआउट पासिंग और अन्य शुल्कों का राजस्व भी पूरी तरह डूब जाता है।

---

**प्रदेश में ठिठुरन बढ़ी, फिर बदलेगा मौसम**

## जयपुर सहित दो दर्जन जिलों में कल से बारिश!



*माउंट आबू में छाई कोहरे की चादर।*

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सर्दी अब अपने चरम की ओर बढ़ रही है। दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट से कई जिलों में सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई है। माउंट आबू सहित ऊंचाई वाले इलाकों में कोहरा छाने लगा है, जबकि मैदानों में धूप के बावजूद कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिन बाद मौसम एक बार फिर करवट लेगा। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 27 नवंबर को जोधपुर, उदयपुर और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। 28 नवंबर को इसका असर जयपुर और अजमेर संभाग तक पहुंचेगा, जहां कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। मंगलवार को जयपुर में दिन का तापमान 27.5 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि रात का पारा 13.2 डिग्री तक गिर गया। उत्तर भारत की ओर से आ रही शुष्क और ठंडी हवाएं आने वाले दिनों में प्रदेश में सर्दी को और बढ़ाएंगी।

### दिन और रात के पारे में अंतर बढ़ा

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 24 से 29 डिग्री के बीच दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1-3 डिग्री कम है। बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर जैसे पश्चिमी जिलों में तापमान अपेक्षाकृत अधिक रहा, जबकि उदयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, सीकर और कोटा में अधिकतम तापमान 24-26 डिग्री के आसपास रहा। दूसरी ओर, न्यूनतम तापमान में गिरावट और बढ़ी है। सीकर, चूरू और फतेहपुर में रात का पारा 6-7 डिग्री तक पहुंच गया। झुंझुनूं, लूणकरणसर और करौली में भी 8-9 डिग्री दर्ज हुआ।

---

## जयपुर सेंट्रल जेल की बैरक के टॉयलेट से मिला मोबाइल

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। वार्ड नंबर-2 में सघन तलाशी के दौरान बैरक के टॉयलेट के पास से मोबाइल, चार्जर, डेटा केबल और एक सिम कार्ड बरामद हुआ। जेल प्रहरी गिरिराज प्रसाद ने लालकोठी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाप्रभारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि अज्ञात बंदी के खिलाफ प्रिजनर्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। जब्त सामग्री के आधार पर मोबाइल उपयोगकर्ता की पहचान की जा रही है। इससे पहले सितंबर में 19 मामलों में 31 मोबाइल, अक्टूबर में 15 मामलों में 17 फोन और नवंबर में अब तक तीन मामलों में 6 मोबाइल बरामद हो चुके हैं।

**60 से अधिक हुक्के जब्त, 16 गिरफ्तार**

## हुक्का बारों पर कार्रवाई, 22 क्लब सील

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने सोमवार देर रात शहरभर में अवैध हुक्का बारों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। विभिन्न इलाकों में छापेमारी के दौरान 22 क्लबों को सील कर दिया गया। पुलिस ने 60 से अधिक हुक्के, भारी मात्रा में फ्लेवर्ड तंबाकू, निकोटिन पैक और अन्य सामग्री जब्त की। स्पेशल



पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बताया कि क्लबों व रेस्टोरेंट के नाम पर चल रहे इन अवैध हुक्का बारों में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां हुक्का पीते पाए गए। सीएसटी टीम के नेतृत्व में माणक चौक, एमआई रोड, वैशाली नगर, मालवीय नगर, टोंक रोड, शिप्रा पथ समेत कई क्षेत्रों में दबिश दी गई। इस दौरान 34 हुक्के अतिरिक्त जब्त हुए और 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

## हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी संघ की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ की प्रथम प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिंह के नेतृत्व में मानसरोवर स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित हुई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद नाटाणी ने बताया कि बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों ने संगठनात्मक स्थिति, मांग पत्रों और मंडल की आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। संघ ने रिक्त पदों पर भर्ती, लैंड बैंक बनाने, रेंटल स्कीम बहाल



करने और बेदखली अधिकार लागू करने की मांग उठाई। साथ ही व्यावसायिक भूमियों की नीलामी, अवाप्तशुदा जमीनों के पट्टे जारी करने, समयबद्ध पदोन्नति और मंडल संपत्तियों पर भौतिक कब्जा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

---

**पारस ट्रेवल्स के खिलाफ चालकों की बगावत, मेंटेनेंस, PF-ESI विवाद में 100 बसें बंद**

# आधी लो-फ्लोर बसों के पहिये थमे, जयपुर में हड़ताल से जनता बेहाल

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में मंगलवार सुबह सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई, जब जेसीटीसीएल के बगराना आगार से संचालित लो-फ्लोर बसों के ड्राइवर अचानक हड़ताल पर चले गए। निजी फर्म पारस ट्रेवल्स के खिलाफ शुरू हुए इस विरोध के कारण 100 बसें सड़क पर नहीं उतरीं। ऑफिस कर्मचारियों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, मरीजों और हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बस स्टॉप पर सुबह से ही भीड़ लग गई और कई यात्रियों को ऑटो, कैब और निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा। ड्राइवरों ने आरोप लगाया कि पारस ट्रेवल्स लगातार श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रही है। मेंटेनेंस के बिना खराब बसें चलाने का दबाव बनाया जाता है। हाल में टोंक फाटक पुलिया पर बस में लगी आग और कई दुर्घटनाएं इसी लापरवाही का नतीजा बताई गईं। ड्राइवरों ने यह भी कहा कि एसीबी ने पारस कंपनी के मालिक, पूर्व ओएसडी, को घूस लेते हुए पकड़ा है, फिर भी कंपनी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ड्राइवरों ने अपनी मांगें रखते हुए कहा कि जब तक समाधान नहीं मिलता, हड़ताल वापस नहीं होगी।

### अभी समाधान नहीं



बगराना डिपो की 100 बसों के बंद होने से शहर की कुल 200 लो-फ्लोर बसों में से आधी सेवाएं ठप हो गईं। हालांकि, टोडी डिपो से बसें सामान्य रूप से चल रही हैं। जेसीटीसीएल और ड्राइवरों के बीच मंगलवार को बातचीत बेनतीजा रही, जिससे बुधवार को भी शहर में 100 बसें बंद रहेंगी।



*लो फ्लोर बसों की हड़ताल के कारण कर्मचारियों, स्कूल-कॉलेज के छात्रों और अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।* **फोटो:** पंकज शर्मा

### बस चालकों की ये हैं प्रमुख मांगें

- दुर्घटना में मृत चालक कुलदीप मीणा के परिवार को 10 लाख की सहायता।
- ऑन-ड्यूटी लकवाग्रस्त चालक रामजीलाल शर्मा को 3 लाख आर्थिक मदद।
- दोनों चालकों का बकाया वेतन, PF, ESI व पेंशन का तत्काल भुगतान।
- डिपो प्रबंधन में बदलाव करने की मांग।
- चालकों का बीमा और चिकित्सा सुविधा (ESI) की सुविधा तथा पीएफ अंशदान समय पर जमा करवाना।

**सफाई व्यवस्था ठप : आज से शहर में नहीं उठेगा कचरा**

## 8 हजार कर्मचारियों ने बंद किया काम

जयपुर में सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार से शुरू हो गई, जिसके चलते मंगलवार रात नाइट स्विपिंग बंद रही और शहर की सड़कों पर कचरा जमा हो गया। बुधवार को भी घरों से कचरा नहीं उठ पाएगा। जयपुर में करीब 8 हजार सफाई कर्मियों के काम बंद रखने से अधिकांश वार्डों में कचरा उठाने, सार्वजनिक शौचालयों और बाजारों की सफाई प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने मोबाइल एप आधारित हाजिरी, लंबित भर्ती, पदोन्नति और ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 'झाड़ू डाउन' आंदोलन शुरू




*नगर निगम ग्रेटर के बाहर धरने पर बैठे संघ के पदाधिकारी व कर्मचारी।*

किया है। लालकोठी स्थित नगर निगम मुख्यालय में आम सभा के बाद सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले गए। वहीं, संघ अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया का आमरण अनशन पांचवें दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि कचरा उठान, सीवर-नाला व सड़क सफाई पूरी तरह रोक दी गई है और आंदोलन तभी खत्म होगा जब सरकार लिखित आदेश जारी करेगी। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो हड़ताल जयपुर से पूरे प्रदेश में फैलाई जाएगी।

26 नवंबर संविधान दिवस पर विशेष

# हमारा संविधान ही हमारा सपना



वेद व्यास
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार



“जब हम इस प्रस्तावना को पढ़ते हैं, तो यह केवल शब्द नहीं रह जाते, बल्कि एक जीवंत संकल्प बन जाते हैं, एक सपना, जिसकी पूर्ति के लिए लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। इसलिए जब हम वंदे मातरम् और जन गण मन जैसे राष्ट्रीय गीतों को सुनते हैं तो आत्मा में वही गर्व और वही ऊर्जा जागृत होती है, जिसने भारत को आधुनिक राष्ट्र के रूप में गढ़ा।”

भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की आत्मा है। यह हमारी आकांक्षाओं, हमारी स्वतंत्रता, हमारी गरिमा और हमारे लोकतांत्रिक अस्तित्व की नींव है। डॉ. भीमराव अंबेडकर को इस संविधान की प्रस्तावना का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। उनकी बौद्धिक दृष्टि, संवेदनशीलता और व्यापक अध्ययन ने इस दस्तावेज को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ और प्रगतिशील बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

संविधान की प्रस्तावना में निहित शब्द ‘हम भारत के लोग’ यह स्पष्ट करते हैं कि सत्ता का अंतिम स्रोत कोई संस्था, कोई व्यक्ति, या कोई पद नहीं बल्कि जनता है। इसी भावना के साथ संविधान हमें यह संकल्प दिलाता है कि भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया जाए। नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय मिले। विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो। अवसर की समानता और व्यक्ति की गरिमा सुरक्षित रहे तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने वाली बंधुत्व की भावना निरंतर विकसित हो।

जब हम इस प्रस्तावना को पढ़ते हैं, तो यह केवल शब्द नहीं रह जाते, बल्कि एक जीवंत संकल्प बन जाते हैं, एक सपना, जिसकी पूर्ति के लिए लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। इसलिए जब हम वंदे मातरम् और जन गण मन जैसे राष्ट्रीय गीतों को सुनते हैं तो आत्मा में वही गर्व और वही ऊर्जा जागृत होती है, जिसने भारत को आधुनिक राष्ट्र के रूप में गढ़ा।

भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसमें वर्णित छह मौलिक अधिकार में समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा का अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार है। केवल नागरिकों को अधिकार नहीं देते, बल्कि राष्ट्र को मानवीय मूल्यों पर आधारित बनाते हैं। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की पूरी संरचना इन्हीं अधिकारों और इनके संरक्षण पर आधारित है। जब डॉ. अंबेडकर संविधान लिख रहे थे, तब वे किसी जाति या वर्ग के प्रतिनिधि नहीं थे, बल्कि भारत की आत्मा के स्वर थे। 1857 से 1947 तक चले स्वतंत्रता संघर्ष में भी कोई आंदोलनकारी पहले हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई नहीं था- वे भारतीय थे। दुःखद सत्य यह है कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी हमारी सोच और राजनीति संविधान की मूल भावना से दूर होती जा रही है। राष्ट्रनायक, जिन्होंने भारत को स्वरूप दिया, उन्हें हमने जातियों, क्षेत्रों और राजनीतिक एजेंडों में विभाजित कर दिया।

> “आज अंबेडकर को दलित समाज की सीमा में बांधा जाता है, ज्योतिबा फुले को केवल एक जाति का प्रतीक बताया जाता है, भगत सिंह को उग्र विचारधारा तक सीमित कर दिया गया, वल्लभभाई पटेल को एक राज्य की पहचान के रूप में प्रकाशित किया गया, नेताजी सुभाषचंद्र बोस को बंगाल का गौरव कहा जाता है, राष्ट्र का नहीं। नेहरू को वंशवाद के दायरे में सीमित कर दिया गया। जबकि ये सभी व्यक्ति किसी वर्ग के नेता नहीं थे, वे भारत के राष्ट्रनिर्माता थे।”

आज अंबेडकर को दलित समाज की सीमा में बांधा जाता है, ज्योतिबा फुले को केवल एक जाति का प्रतीक बताया जाता है, भगत सिंह को उग्र विचारधारा तक सीमित कर दिया गया, वल्लभभाई पटेल को एक राज्य की पहचान के रूप में प्रकाशित किया गया, नेताजी सुभाषचंद्र बोस को बंगाल का गौरव कहा जाता है, राष्ट्र का नहीं। नेहरू को वंशवाद के दायरे में सीमित कर दिया गया। जबकि ये सभी व्यक्ति किसी वर्ग के नेता नहीं थे, वे भारत के राष्ट्रनिर्माता थे। हमने इतिहास के महान व्यक्तित्वों राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक, ईसा मसीह और हजरत मोहम्मद को भी संकुचित धार्मिक दायरों में बांध दिया। जो मूल्य संपूर्ण मानवता के लिए थे, उन्हें पहचान की राजनीति में कैद कर दिया गया। आज स्थिति यह है कि नदियां, पर्वत, सूर्य, चंद्रमा, भाषा, भोजन, पहनावा तक को धर्म और राजनीति से जोड़ दिया गया है।

गांधी सत्य और अहिंसा के प्रतीक थे, जबकि अंबेडकर सामाजिक न्याय और समान अधिकारों के प्रहरी। दोनों की मार्गदर्शक दिशाएं अलग थीं, पर लक्ष्य एक मानवता का उत्थान और राष्ट्र की न्यायपूर्ण संरचना। आज जब गांधी को किसी राजनीतिक पार्टी की छवि तक सीमित कर दिया जाता है और अंबेडकर को केवल दलित समाज की आवाज कहा जाता है, तब हम उनके विचारों का अपमान करते हैं।

डॉ. अंबेडकर ने चेताया था, ‘26 जनवरी 1950 को हम एक विरोधाभासी जीवन में प्रवेश करेंगे, जहां राजनीति में समानता होगी परंतु समाज और अर्थव्यवस्था में असमानता कायम रहेगी।’ यह चेतावनी मात्र शब्द नहीं थी, बल्कि भविष्य की सटीक भविष्यवाणी। आज भी करोड़ों लोग शिक्षा से वंचित हैं, अवसरों से दूर हैं, न्याय पाने में संघर्ष कर रहे हैं, यदि सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिला, तो लोकतंत्र केवल कागज पर लिखा विचार बनकर रह जाएगा। अंत में, हमारा संकल्प भारत का संविधान केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि नागरिकों से यह अपेक्षा भी करता है कि वे संविधान का सम्मान करें, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें, विविधता में एकता बनाए रखें। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं बनता, बल्कि विचारों, मूल्यों और न्यायपूर्ण व्यवस्था से बनता है। यदि हमें एक बेहतर भारत चाहिए, तो संविधान केवल किताबों में नहीं, हमारी सोच, व्यवहार, निर्णय और राजनीति में दिखाई देना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

दिवस विशेष

## भारतीय लोकतंत्र की धड़कन है हमारा संविधान



प्रकाश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। यदि लोकतंत्र को शरीर मानें, तो संविधान उसकी जीवंत आत्मा है, वह प्राणवायु, जो राष्ट्र को दिशा, मर्यादा और न्याय के लिए ऊर्जा प्रदान करती है। जिस प्रकार जीवित प्राणियों के लिए ऑक्सीजन अनिवार्य है, ठीक उसी प्रकार लोकतंत्र के लिए संविधान का होना आवश्यक है। सदियों की गुलामी के बाद जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं ने अंग्रेजी शासन की पुरानी व्यवस्थाओं को बनाए रखने के बजाय एक नई लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव रखने का निर्णय लिया।

बहुल भाषा, विविध संस्कृतियों और अनेक धर्मों वाले इस विशाल राष्ट्र में नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को संतुलित रखने, न्याय सुनिश्चित करने तथा शासन प्रणाली को मजबूत आधार देने के लिए एक समग्र, उदार और आधुनिक संविधान की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। दुनिया के अनेक सफल लोकतांत्रिक देशों के संविधान का गहन अध्ययन किया गया और उसके बाद एक ऐसा संविधान बनाया गया, जिस पर आज भी हर भारतीय को गर्व है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकार किया और तभी से यह दिन ‘संविधान दिवस’ के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष 26 नवंबर को देशभर में संविधान दिवस मनाया जाता है। यद्यपि संविधान 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ, पर इसे अपनाए जाने की स्मृति में यह दिन राष्ट्र के लिए विशेष महत्व रखता है। 19 नवंबर 2015 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने इसे आधिकारिक रूप से ‘संविधान दिवस’ घोषित किया, जिसके बाद से देशभर में विद्यालयों, महकमों और संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

भारतीय संविधान को तैयार करने में संविधान सभा को कुल 167 दिन लगे, जो 11 सत्रों में विभाजित थे। इसके मूल स्वरूप में 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 8 अनुसूचियां थीं। समय के साथ संशोधनों के बाद वर्तमान संरचना इस प्रकार है- 470 अनुच्छेद, 25 भाग, 12 अनुसूचियां और 5 परिशिष्ट। यह दुनिया का सबसे लंबा और विस्तृत लिखित संविधान है, जिसमें लगभग 1,45,000 शब्द हैं। संविधान की मूल प्रति 251 पन्नों की है, जिसका आकार 22 इंच × 16 इंच है और प्रत्येक पन्ना हस्तलिखित है। संविधान की मूल प्रति को प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने अत्यंत सुन्दर कैलिग्राफी में हाथ से लिखा। उन्होंने इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया, केवल इतना अनुरोध किया कि हर पन्ने पर उनका नाम और अंतिम पन्ने पर उनके दादा राम प्रसाद सक्सेना का नाम भी अंकित किया जाए। डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में सबसे पहले हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति थे। 26 नवंबर 1949 को उन्होंने हस्ताक्षर किए और 24 जनवरी 1950 को कुल 284 सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ संविधान पूरी तरह अनुमोदित हुआ। भारतीय संविधान नागरिकों को न केवल छह मौलिक अधिकार प्रदान करता है, बल्कि मूल कर्तव्यों का भी उल्लेख करता है, जिससे राष्ट्र-निर्माण में नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित होती है। भारत का राष्ट्रीय नारा ‘सत्यमेव जयते’ अर्थात् सत्य की सदैव विजय होती है, संविधान की आत्मा और राष्ट्र के चरित्र का प्रतिबिंब है। संविधान दिवस कोई सार्वजनिक अवकाश नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक चेतना के उत्सव का दिन है। देशभर के सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों और संगठनों में भाषण, वाद-विवाद, क्विज तथा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि नई पीढ़ी संविधान की मूल भावना, मूल्यों और अधिकारों-कर्तव्यों के प्रति जागरूक बने। निश्चय ही भारतीय संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, प्रत्येक नागरिक का संरक्षक और लोकतंत्र की आधारशिला है। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र तभी जीवंत रह सकता है, जब हम संविधान के मूल्यों का सम्मान करें और उन्हें अपने आचरण में उतारें।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
भारत के हर घर में, हर भारतीय के मन में और भारतवर्ष के हर कण में राम हैं। लेकिन गुलामी की मानसिकता इतनी हावी हो गई कि प्रभु राम को भी काल्पनिक घोषित किया जाने लगा। हमें वैसा भारत बनाना है, जो रामराज्य से प्रेरित हो। ये तभी संभव है, जब स्वयंहित से पहले देशहित हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@BhajanlalBjp
ॐ राम रामाय नमः! अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी ने आज परम पूजनीय सरसंघचालक @DrMohanBhagwat जी की गरिमामयी उपस्थिति में भगवा ध्वज फहराकर सम्पूर्ण सनातन संस्कृति का सम्मान किया है। यह ध्वज प्रभु श्री राम के आदर्शों व उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित करेगा। यह ध्वज करोड़ों रामभक्तों की आस्था व श्रद्धा का जीवंत प्रतीक बनकर अनंत काल तक फहराता रहेगा। जय श्री राम!

**लेखकों से आग्रह है...**
वे ‘सच बेधड़क’ में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

**नॉलेज कॉर्नर:** एआई बैंकिंग क्रांति... धोखाधड़ी रोकने से लेकर लोन प्रोसेसिंग तक

# बदल चुका बैंक, अब भविष्य भी होगा अलग

दुनिया की बैंकिंग प्रणाली एक बड़े तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। जैसे 1967 में पहला एटीएम आने से बैंकिंग समय पर निर्भरता खत्म हुई, वैसे ही अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बैंकिंग दुनिया में अगला बड़ा बदलाव लाने जा रहा है। आज एआई सिर्फ सहायक तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य में यह पूरी बैंकिंग प्रक्रिया को स्वचालित और निर्णय लेने योग्य बना देगा। आज एआई का उपयोग एक सहायक प्रणाली के रूप में किया जा रहा है। यह फ्रॉड की पहचान करता है, लोन एप्लीकेशन की जांच करता है, क्रेडिट स्कोरिंग में मदद करता है और ट्रेडिंग विश्लेषण जैसे जटिल काम करता है। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में एआई बैंकिंग क्रांति के बारे में...

### अगला कदम: एजेंटिक एआई

अभी जो एआई इस्तेमाल हो रहा है, वह सिर्फ सलाह देता है या कुछ कार्य स्वचालित करता है, लेकिन भविष्य में आने वाला Agentic AI खुद निर्णय लेने की क्षमता रखेगा। इसका मतलब यह होगा कि लोन के लिए दस्तावेजों की जांच, सरकारी रिकॉर्ड सत्यापन, जोखिम मूल्यांकन और अंतिम निर्णय यह सब एआई स्वयं करेगा, बिना किसी मानव हस्तक्षेप के। कुछ बैंक जैसे बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन इस तकनीक का परीक्षण कर चुके हैं और शुरुआती परिणाम उम्मीद से बेहतर हैं। बेसिक एआई ऑटोमेशन टीमों की गति में लगभग 15 से 20 प्रतिशत सुधार लाता है। लेकिन यदि पूरी प्रक्रिया एआई के नियंत्रण में हो, तो उत्पादकता में 200 से 2,000 प्रतिशत तक बढ़ोतरी संभव है। यह बैंकिंग प्रक्रिया को मिनटों में बदल सकता है, जैसे रात के 2 बजे लोन के लिए आवेदन करना और पांच मिनट में मंजूर होना।




### नौकरी और मानवीय प्रभाव

जहां एआई संचालन को तेज और सस्ता बनाएगा, वहीं यह नौकरियों के लिए चुनौती भी बनेगा। पहले ही कई बैंकों में एआई आने के बाद कर्मचारियों की छंटनी हुई है। उदाहरण के तौर पर, कॉमनवेल्थ बैंक में एआई चैटबॉट के आने के बाद 45 कॉल सेंटर कर्मचारियों की नौकरी समाप्त कर दी गई। आने वाले वर्षों में सबसे ज्यादा प्रभावित नौकरियां ग्राहक सेवा, दस्तावेज सत्यापन और डेटा प्रोसेसिंग की होंगी।

**फायदे:** एआई आधारित बैंकिंग प्रणाली से बैंकिंग अधिक तेज, सस्ती और व्यक्तिगत हो सकती है। सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध होंगी। गलतियों की संभावना कम होगी और ग्राहक अनुभव बेहतर बनेगा। धोखाधड़ी की पहचान और सुरक्षा सिस्टम मजबूत होंगे। फायदे जितने बड़े हैं, जोखिम भी उतने ही गंभीर हैं। सबसे बड़ी चिंता अल्गोरिद्मिक पूर्वाग्रह है। यदि एआई पुराने या पक्षपातपूर्ण डेटा पर आधारित होगा तो यह गलत निर्णय ले सकता है, जैसे लोन अस्वीकृत करना या अनुचित ब्याज दरें देना इत्यादि।

**बदलाव रुकने वाला नहीं**

*एआई बैंकिंग के भविष्य को पूरी तरह बदलने वाला है। यह बैंकिंग को तेज, सुलभ और अत्यधिक स्मार्ट बनाएगा, लेकिन इसके साथ ही नौकरी का खतरा, डेटा सुरक्षा और तकनीकी पारदर्शिता जैसी चुनौतियां सामने होंगी। यह बदलाव रुकने वाला नहीं है, दुनिया इस दिशा में बढ़ चुकी है।*

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

### गुरु तेग बहादुरजी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया

# संगत से मिली सत्य व साहस की सीख

■ शहर के गुरुद्वारों में हुए कीर्तन-पाठ और गुरु की वाणी का गायन

**बेधड़क** | जयपुर

नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुरजी, भाई मती दासजी, भाई सती दासजी और भाई दयालाजी का 350वां शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मंगलवार को मनाया गया। लोग उन्हें हिंद की चादर कहते हैं, क्योंकि गुरु तेग बहादुर ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया था। इसी बलिदान को नमन करने के लिए शहर के गुरुद्वारों में कीर्तन-पाठ हुए। सुबह से गुरुद्वारों में संगतें जुटती रहीं और गुरबाणी की मधुर धुनों से वातावरण शांत और आध्यात्मिक बना रहा। देश के विभिन्न हिस्सों से आए रागी जत्थों ने गुरु की वाणी का गायन किया और लोगों ने गुरु ग्रंथ पालकी साहिब के आगे मत्था टेककर सरबत के भले की अरदास की। कार्यक्रमों में गुरु तेग बहादुर के पांच प्रमुख संदेशों सत्य पर डटे रहना, धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना, निर्भीक रहना, अहंकार छोड़ना और ईश्वर पर विश्वास रखना पर सरल और स्पष्ट चर्चा की गई। राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुरजी का बलिदान मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता का सर्वोच्च उदाहरण है।



*राजापार्क गुरुद्वारे में विशेष अरदास (प्रार्थना) और कीर्तन करते हुए।*



*गुरुद्वारा नेहरू नगर पानीपेच में लंगर छकते श्रद्धालु।* -फोटो: पंकज शर्मा

#### कीर्तन दीवानों में शबद गायन से बरसी भक्ति

मुख्य आयोजन राजापार्क गुरुद्वारे में हुआ। अमृतसर दरबार साहिब से आए रागी सुखजीत सिंह ने शबद गायन किया और ज्ञानी मनजीत सिंह ने गुरु तेग बहादुर के धैर्य, त्याग और निर्भीक जीवन के बारे में सरल भाषा में बताया। शाम को रहरास साहिब के पाठ और आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। गुरुद्वारा हीदा की मोरी में भी कीर्तन दीवान सजाया गया। भाई गुरप्रीत सिंह जालन्धर वालों ने कीर्तन करके और नौवीं पातशाही धन-धन श्री गुरु तेग बहादुरजी, भाई मती दासजी, भाई सती दासजी एवं भाई दयालाजी की शहादत पर प्रकाश डालकर संगत को निहाल किया। कीर्तन समाप्ति के बाद अटूट लंगर बरताया गया।

#### नेहरू नगर पानीपेच में 17 हजार जपजी साहिब पाठ

गुरुद्वारा नेहरू नगर पानीपेच बनीपार्क में सुबह आसा दी वार का पाठ किया गया। इसके बाद 65 सहज पाठ, 17,000 जपजी साहिब पाठ और 500 नौंवे महले के श्लोक तथा सुखमणि साहिब पाठ किए गए। हजूरी रागी भाई मनदीप सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। रात्रि को रहरास साहिब के पाठ के बाद विशेष कीर्तन दीवान आयोजित किया गया। सभी दीवानों के बाद अटूट लंगर बरताया गया। गुरुद्वारा वैशाली नगर में भी सुबह और शाम कीर्तन दीवान सजाए गए। बाहर से आए रागी जत्थों ने गुरु साहिब की शहादत और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। गुरुद्वारा हीदा की मोरी में भी भाई गुरप्रीत सिंह ने कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा चांदी की टकसाल में विशेष दीवान आयोजित किया गया। सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जौली ने बताया कि शाम को रहरास साहिब पाठ और आरती से शुरुआत हुई।

### हर तरफ गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

# छोटी काशी के मंदिरों पर फहराए भगवा ध्वज



*राम मंदिर आदर्श नगर पर फहराया गया भगवा ध्वज।*

■ ध्वजोत्सव आस्था, एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बना

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या धाम में मंगलवार को आयोजित विशाल धर्म ध्वजोत्सव की प्रेरणा से जयपुर के मंदिरों में भी भगवा ध्वज लहराए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही अयोध्या में धर्म ध्वजा फहराई राजस्थान के गांव, नगर, मंदिरों और घरों में श्रद्धालुओं ने एक साथ भगवा झंडे फहराकर आस्था और भक्ति का अद्भुत परिचय दिया। छोटी काशी कहलाने वाले जयपुर के प्रमुख मंदिरों में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय हो गया। हजारों भक्तों, स्वयंसेवकों और मंदिर ट्रस्टों के सदस्यों की भागीदारी से ध्वज फहराई गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने एक स्वर में जय श्रीराम के उद्घोष किए। बैंड वादन और महाआरती से वातावरण भक्तिमय हो गया और प्रसाद वितरण किया गया।



*गीता गायत्री मंदिर गलता गेट।*

#### भगवान श्रीराम-सीता विवाह की दिव्यता का प्रसार

गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में पंडित राजकुमार चतुर्वेदी महाराज के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वजा फहराई गई। विद्याधर नगर सेक्टर-2 स्थित श्रीराम-जानकी माता मंदिर में विवाह पंचमी पर ध्वज फहराकर भगवान श्रीराम-सीता विवाह की दिव्यता का प्रसार किया गया। चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में महंत पं. अमित शर्मा की मौजूदगी में मंदिर के शिखर पर सुबह धर्म ध्वजा लगाई गई। जयपुर के अन्य प्रमुख श्रीराम और हनुमान मंदिरों में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ धर्म ध्वजाएं फहराईं गईं। दिनभर मंदिरों में दर्शन, पूजा-अर्चना, भजन और कीर्तन का क्रम चलता रहा।

#### ध्वज पूजन के साथ हनुमान चालीसा पाठ

राजापार्क स्थित प्राचीन राम मंदिर में भी संत अमरनाथ महाराज की मौजूदगी में विधि-विधान से मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराया गया। आदर्श विद्या मंदिर के सैकड़ों विद्यार्थियों ने जय श्रीराम के उद्‌घोष से भक्ति की अलख जगाई। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और पुजारी बनवारी लाल शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ ध्वज पूजन संपन्न हुआ। अंत में प्रसाद वितरण और बच्चों को राम मंदिर तथा भारतीय संस्कृति के महत्व की जानकारी दी गई।


## आज का पंचांग

- **शुभ वि. स.:** 2082
- **हिजरी संवत:** 1447
- **ऋतु:** हेमंत ऋतु
- **संवत्सर का नाम:** सिद्धार्थ
- **मास:** मार्गशीर्ष
- **पक्ष:** शुक्ल
- **शाके संवत:** 1947
- **अयन:** सूर्य दक्षिणायन

**आज का दिन**

बुधवार, 26 नवंबर, 2025

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज लाभ और अमृत का चौघड़िया 06.52 से 09.30 बजे तक रहेगा। इसके बाद शुभ का 10.49 से 12.08 बजे तक रहेगा। इन में शुभ कार्य किए जा सकते हैं।

**अभिजीत :** आज नहीं है।

**तिथि:** षष्ठी तिथि रात 12.03 बजे तक रहेगी। इसके बाद सप्तमी तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** उत्तर दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चन्द्रमा मकर राशि में संचार करेगा।

**राहु काल:** आज 12.08 से 01.27 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** श्रवण रात 01.33 बजे तक, बाद में धनिष्ठा नक्षत्र रहेगा।

**योग:** वृद्धि दोपहर 12.42 बजे तक, इसके बाद में ध्रुव रहेगा।

**व्रत और त्योहार**

**व्रत:** आज कोई व्रत नहीं किया जाएगा।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन अम्बेडकर सर्किल पर सुबह 10.30 बजे से।
- अमरापुर स्थान में सदगुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का मासिक जन्मोत्सव सुबह 6 बजे से।
- चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में एक शाम बाबा के नाम शाम 6 बजे से।

#### महिलाओं ने की शिव की पूजा

**बेधड़क, जयपुर।** सिंधी समाज की महिलाओं ने भगवान शंकर की पूजा कर परिवार की मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। मार्गशीर्ष महीने में यह पूजा मूरी मीठड़ो के नाम से होती है। घरों में महिलाएं आटे से पार्थिव शिवलिंग बनाकर उस पर आक के पत्ते रखकर भगवान शिव का पूजन करती हैं। पार्थिव शिवलिंग पर दूध और जल से अभिषेक कर महिलाओं ने सगड़ा (धागा) अर्पित किया। समाज के तुलसी संगतानी ने बताया कि औघड़ दानी आशुतोष भगवान इस प्रार्थना से प्रसन्न होते हैं।

### श्रीराम-जानकी विवाह मंगल महोत्सव

# सिर सोना को सेहरो बनड़ा के हो...

**बेधड़क** | जयपुर

छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्री सीतारामजी में मंगलवार सुबह जैसे ही सूरज की पहली किरण आंगन में उतरी तो मंदिर परिसर दिव्यता से चमक उठा। विवाह पंचमी पर यहां श्रीराम-जानकी विवाह मंगल महोत्सव का मुख्य उत्सव था। मंदिर के द्वार रंग-बिरंगी झालरों से सजे थे। इन सबके बीच भक्तों की भीड़ श्रीराम-जानकी के दर्शनों के लिए उमड़ी हुई थी।

मंदिर महंत नंद किशोर शर्मा ने रामलला का दूध, दही, पंचामृत और औषधियों से अभिषेक किया। इसके बाद दूल्हा स्वरूप रामजी को जरी की सुनहरी शेरवानी पहनाई गई। ठाकुरजी के नौ लक्खा हार, कंठा गले में पहनाया गया। सुशीला देवी शर्मा ने घोड़ी का पूजन कर दूल्हे की आरती उतारी और भक्तों के जयघोष के बीच बारात मंदिर प्रांगण से आगे बढ़ी। जैसे ही भगवान राम की बारात मिथलापुर की ओर चली तो मांगलिक भजन गूंज उठे सिर सोना को सेहरो बनड़ा के हो... बैंड की मधुर धुनें, ढोल-नगाड़ों की थिरकन और बीच-बीच में आतिशबाजी ने हर चेहरे पर मुस्कान और हर मन में भक्ति जगा दी। श्रद्धालु, साधु-संतों से लेकर नगरवासियों तक सब सजे-धजे चल रहे थे। बारात के जनकपुर पहुंचते ही वातावरण एक बार नई रंगत में डूब गया। राजा जनक की सुंदर सजी पोल के सामने जब रामजी ने तोरण मारा तो हर ओर शंखनाद गूंज उठा। इस अवसर पर पंकज नाटाणी और रामप्रसाद अग्रवाल ने सभी बरातियों का माला-दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। नाटाणी परिवार की महिलाओं ने दूल्हे रामजी की आरती उतारकर शुभ आशीष दिया।



*रामजी की बारात में शामिल सितारामजी समाज के लोग।*

#### ‘कंवर कलेवा’ और ‘जुआ-जुई’ आज

रात होते-होते राम-सीता की वरमाला रस्म सम्पन्न हुई। पुष्पवर्षा के बीच जब दोनों ने एक-दूसरे को हार पहनाया। देर रात चारों दूल्हों का भंवरी संस्कार पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। बुधवार की भोर होते ही मंदिर में ‘कंवर कलेवा’ और ‘जुआ-जुई’ की परंपरा के साथ निभाने के साथ-साथ प्रसाद भी बनाया जाएगा। श्रद्धालु हंसी-ठिठोली भरे गीत-गालियों का आनंद लेते हुए प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# विवाह पंचमी पर मंदिरों में राम-सीता का हुआ शृंगार

**बेधड़क** | जयपुर

विवाह पंचमी मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। चांदपोल, छोटी चौपड़, गलता, राजापार्क और टोंक रोड सहित कई राम-सीता मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और शृंगार के अनेक आयोजन हुए। इस दौरान भक्तों की भीड़ दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ पड़ी। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की मनोकामना के लिए विशेष पूजा की। चांदपोल स्थित श्रीरामचंद्र मंदिर में महंत नरेंद्र तिवाड़ी के मार्गदर्शन में ठाकुरजी को सेवरा, सिरपेच, मोतीलड़ी और माता सीता को चंद्रिका आड़, बोड़ला, सिर लड़ी और नौलखा हार सहित विशेष आभूषण पहनाकर राजसी शृंगार किया। विवाह पंचमी पर शहर में लगभग दो हजार से अधिक विवाह हुए और कई समाजों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए। भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।



#### हाथोज धाम में हुआ शृंगार, भोग और महाआरती

हाथोज धाम स्थित श्री सीताराम मंदिर में राम-सीता का विशेष शृंगार, भोग अर्पण एवं महाआरती की गई। इस अवसर पर रामायण की चौपाइयों से भगवान की स्तुति की गई। हाथोज धाम पीठाधीश्वर स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज ने बताया कि आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पूर्णता को प्राप्त होने पर मंदिर के शिखर पर भगवा धर्मध्वजा का आरोहण किया गया। इस दिवस को महोत्सव के रूप में मनाया गया।

# विफा ने दी कानूनी लड़ाई की चेतावनी

■ ब्राह्मण बेटियों के बारे में विवादित टिप्पणी की कड़ी भर्त्सना की

**बेधड़क** | जयपुर

विप्र फाउंडेशन (विफा) ने मध्य प्रदेश में सेवारत अधिकारी संतोष वर्मा की ओर से ब्राह्मण बेटियों के बारे में विवादित टिप्पणी की कड़ी भर्त्सना की है। साथ ही कहा है कि जरूरत पड़ी तो कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने यहां जारी वक्तव्य में कहा है कि बेटियों के बारे में ऐसी घटिया सोच निश्चित रूप से किसी जाति या समाज की नहीं हो सकती। ये संतोष वर्मा जैसे गंदी मानसिकता वाले बीमार लोगों के विचार है। इनका समुचित उपचार करवाया जाना चाहिए। हम कानूनी तौर पर इलाज करेंगे। उन्होंने कहा कि विप्र फाउंडेशन सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है और सदा रहेगा। उम्मीद है अजाक्स संगठन इसे प्रांतीय अध्यक्ष पद से बर्खास्त कर इसके खिलाफ छवि बिगाड़ने का मुकदमा दर्ज करवाएगा।



#### अभिमान को नहीं भगवान राम को अपनाओ: पं. दीपक

**जयपुर।** कालवाड़ रोड स्थित सुशांत सिटी प्रथम के गणेश नगर पार्क में मंगलवार को गणेश नगर विकास समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पं. दीपक अवस्थी महाराज ने भक्तों को भक्ति का संदेश दिया। महाराज ने कहा कि जीवन में अभिमान को अपनाने की बजाय भगवान राम को अपनाना चाहिए, जो मर्यादा और आदर्श के प्रतीक हैं।

### सांई बाबा की 18वीं स्थापना वर्षगांठ मनाई

# लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकली पालकी यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

राजापार्क स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सांई बाबा की मूर्ति स्थापना की 18वीं वर्षगांठ मनाई गई। मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक श्रीराम जुनेजा और अध्यक्ष देवेश जुनेजा ने बताया कि इस अवसर पर सांई बाबा का फलों के रस और पंचामृत से अभिषेक कर झांकी सजाई गई। इसके बाद मंदिर से सांई बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर गुरु नानकपुरा के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने सांई बाबा की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। महिलाएं और अन्य भक्त भजनों और ढोल की थाप पर नृत्य करते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के अंत में मंदिर में महा आरती संपन्न हुई। सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। पालकी यात्रा और पूजा-अर्चना का मार्गदर्शन शिवराज अरोड़ा ने किया।



### व्यंजन द्वादशी के विशेष उत्सव दर्शन दोपहर में 12 से 12.30 बजे तक होंगे

# ठाकुरजी अब ऊनी ओढ़ने की गर्माहट में करेंगे शयन

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के आराध्यदेव राधा-गोविंद देवजी मंदिर में सर्दी के मौसम में गर्माहट अब ठाकुरजी की सेवा में भी दिखाई देने लगेगी। व्यंजन द्वादशी पर 2 दिसम्बर से शुरू होने वाली यह मौसमी परिवर्तन लीला न केवल उनकी पोशाक बदल देगी, बल्कि प्रसाद और मंदिर की पूरी दिनचर्या में भी बदलाव कर देगी। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष द्वादशी यानी व्यंजन द्वादशी से ठाकुरजी ऊनी ओढ़ने की गर्माहट में शयन करेंगे। उनके शृंगार में रजाई, ऊनी मफलर, हाथों में दस्ताने और चरणों में ऊनी जुराब शामिल होंगे। गर्भगृह में सुबह शाम हीटर और अंगीठी जलाई जाएंगी ताकि ठंडक का असर ठाकुरजी तक न पहुंचे और मंदिर परिसर में गर्माहट बनी रहे।

#### खीचड़ा, दाल के बड़े और राधारानी का प्रिय अरबी भोग होगा अर्पित

कच्चे भोग में भी मौसम की छाप साफ झलकेगी। मोगर चपाती, खीर और चटनी का भोग रोजाना अर्पित होगा। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी के अनुसार व्यंजन द्वादशी पर मंगला झांकी के समय वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर ठाकुर श्रीजी को नई केसरिया पोशाक और पारंपरिक अंगरखी पहनाई जाएगी। इसके बाद विशेष अलंकारों से उनका शृंगार होगा। इसी दिन से दस्ताने, मोजे और ‘गुलीबंद’ यानी मफलर की सेवा भी शुरू मानी जाएगी। भोग व्यवस्था विशेष रहेगी। चांदी की थाली और कटोरी में 25 प्रकार का कच्चा भोग, दाल और खीर अर्पित किए जाएंगे। इसके साथ छप्पन भोग का वैभव भी झांकी को दिव्यता प्रदान करेगा। महंत अंजन कुमार गोस्वामी की मौजूदगी में दोपहर 12 से 12.30 बजे तक व्यंजन द्वादशी की विशेष उत्सव झांकी के दर्शन होंगे। इस अवसर पर खीचड़ा, दाल के बड़े और राधारानी का प्रिय अरबी भोग प्रमुख रूप से अर्पित होगा।



#### भक्तों को बांटा जाएगा खीचड़ा प्रसाद

भक्तों के लिए यह भी सौभाग्य की बात रहेगी कि झांकी के बाद लगभग 100 किलो खीचड़ा प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। हालांकि विशेष झांकी के कारण इस दिन राजभोग झांकी के दर्शन संभव नहीं होंगे, लेकिन अन्य सभी झांकियां अपने निर्धारित समय पर ही होंगी। इसके अलावा राधा-गोपीनाथजी, राधा-दामोदरजी, लाड़लीजी फूटा खुर्रा रामगंज, मदन गोपालजी चौड़ा रास्ता सहित सभी मंदिरों में भगवान के विशेष भोग की झांकी सजाई जाएगी।

#### गीता जयंती पर शिक्षा व उपदेशों का होगा प्रचार

एक दिसम्बर को मोक्षदा एकादशी व्रत किया जाएगा। इस दिन दान, धर्म, तीर्थ स्नान और भगवान का ध्यान करने से सौ गुणा फल मिलता है। भगवान विष्णु की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। शास्त्रों में इसे मोक्ष देने वाली एकादशी बताया गया है। पवित्र नदियों में एकादशी के दिन स्नान करने, पिंडदान आदि करने से पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन महाभारत के दौरान कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता ज्ञान दिया था। इस कारण गीता जयंती भी मनाई जाएगी। शहर में गीता संगठनों की ओर से कार्यक्रम कर भगवान की दी गई शिक्षा व उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### बिहार: 5 साल में युवाओं को देंगे एक करोड़ नौकरियां

**पटना।** नवगठित बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को अपनी पहली बैठक की और अगले पांच साल में राज्य के युवाओं को एक करोड़ नौकरियां देने का फैसला किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने और उद्योगों के विस्तार को नई दिशा देने के लिए तेजी से पहल शुरू कर दी है। सरकार का दावा है कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिए, जबकि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### बदरीनाथ के कपाट बंद, चारधाम यात्रा का समापन

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड में स्थित भगवान बदरीनाथ के कपाट मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके साथ ही इस साल की चार धाम यात्रा का भी समापन हो गया। भगवान की उत्सव डोली बुधवार को शीतकालीन प्रवास स्थल ज्योतिर्मठ के नरसिंह मंदिर के लिए रवाना होगी जहां सर्दियों में श्रद्धालु उनके दर्शन कर सकेंगे।

### चीन का भारतीय महिला को परेशान करने से इनकार

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को इन आरोपों को गलत बताया कि अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर परेशान किया गया। चीन ने कहा कि चीनी आव्रजन अधिकारियों ने जो कार्रवाई की, वह कानून और नियमों के मुताबिक थी। ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय नागरिक पेमा वांगजोम थोंगडोक 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं।

### छत्तीसगढ़ में 28 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 89 लाख रुपए के इनामी 22 नक्सलियों समेत कुल 28 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में 19 महिला नक्सली भी शामिल हैं। जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है उनमें डिविजनल कमेटी के सदस्य पंडी ध्रुव उर्फ दिनेश (33), पूर्व बस्तर डिवीजन की कंपनी नंबर छह की सदस्य दुले मंडावी (26), छत्तीस पोयाम (18) और पदनी ओयाम (30) के सिर पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम है।

### पाकिस्तानी युगल को बीएसएफ ने हिरासत में लिया

**कच्छ (गुजरात)।** पाकिस्तान के एक नागरिक और उसकी प्रेमिका अपने घर से कथित तौर पर भागने के बाद गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा तक पहुंच गए, जहां सुरक्षा बलों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रेमी-प्रेमिका पैदल ही यहां तक पहुंच गए थे। पुलिस के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद यहां पहुंचे पोपट (24) और गौरी (20) को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान युगल ने बताया कि उनके परिवार उनकी शादी के खिलाफ थे, जिस वजह से वे घर से भाग आए।

## गुरु तेग बहादुर का 350 वां शहीदी दिवस: विशेष सिक्का व डाक टिकट जारी, अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए PM

# सत्य और धर्म की रक्षा के लिए गुरु ने दिया बलिदान: मोदी

**एजेंसी | कुरुक्षेत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुरु तेग बहादुर ने सत्य, न्याय और आस्था की रक्षा को अपना धर्म माना और इसके लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया। उन्होंने कहा है कि नया भारत आतंकवाद से न तो डरता है और ना ही रुकता है, बल्कि आतंकवाद का डटकर सामना करता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने यह बता दिया कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मोदी ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर एक विशेष सिक्का और एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार 'गुरु परंपरा' की सेवा इसी तरह करती रहेगी।


### नया भारत न डरता है और ना ही रुकता है, आतंकवाद का डटकर करता है सामना

मोदी ने कहा कि सुबह वह 'रामायण की नगरी' अयोध्या में थे और अब वह भगवान कृष्ण की धरती पर हैं। उन्होंने कहा कि नौ नवंबर 2019 को जब राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आया, तो वह करतारपुर गलियारे के उद्घाटन के लिए पंजाब के डेरा बाबा नानक गए थे।

उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना कर रहा था कि राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो और सभी राम भक्तों की इच्छाएं पूरी हों। और उस दिन हमारी प्रार्थनाएं कबूल हुईं, क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला आया। उन्होंने कहा कि आज उन्हें फिर से 'सिख संगत' से आशीर्वाद लेने का मौका मिला। पीएम मोदी शहीदी दिवस पर एक धार्मिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। करीब 350 बच्चों ने 'गुरबानी' का 'शबद कीर्तन' किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्र में गुरु तेग बहादुर को उनके 350वें शहीदी दिवस पर नमन करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डाक टिकट व स्मारक सिक्के जारी करते हुए।



### ब्रह्म सरोवर में महाआरती की

बाद में, प्रधानमंत्री मोदी ने यहां जारी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पवित्र ब्रह्मसरोवर पर आयोजित 'महाआरती' में भाग लिया।

### पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन

मोदी ने कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण के पवित्र शंख को समर्पित नए बने 'पांजजन्य' स्मारक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की इस धरती पर कहा था कि सत्य और न्याय की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म है। भगवान कृष्ण ने कहा था "स्वधर्मे निधनं श्रेयः", जिसका मतलब है कि सत्य के लिए अपने जीवन का बलिदान देना बेहतर है। प्रधानमंत्री 'महाभारत अनुभव केंद्र' भी गए, जो यहां का एक गहन अनुभूति केंद्र है, जहां महाभारत के खास प्रसंग दिखाए गए हैं, जो इसके हमेशा रहने वाले सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व को दर्शाते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विमान इंजन मरम्मत केंद्र का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हैदराबाद में सैफरान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया के संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। एसएईएसआई, एयरबस ए320 निओ और बोइंग 737 मैक्स विमानों में इस्तेमाल होने वाले लीप इंजनों की मरम्मत, रखरखाव एवं देखभाल करने वाली कंपनी है। यह फ्रांसीसी कंपनी सैफरान की एक इकाई है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। जीएमआर एयरोस्पेस एंड इंडस्ट्रियल पार्क-एसईजेड के अंदर 45,000 वर्ग मीटर में फैला यह अत्याधुनिक संयंत्र लगभग 1,300 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश से विकसित किया गया है। यह संयंत्र हर साल 300 विमान इंजनों की सर्विस के लिए डिजाइन किया गया है। वर्ष 2035 तक पूरी परिचालन क्षमता हासिल करने पर यहां 1,000 से ज्यादा भारतीय टेक्नीशियन और इंजीनियर तैनात होंगे।

### शाह ने गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि नौवें सिख गुरु ने आध्यात्मिक साधना की, दिव्य समागम आयोजित किए और क्रूर आक्रमणकारियों से स्वसंस्कृति और स्वधर्म की रक्षा की। शाह ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा, सिख धर्म के नौवें गुरु, 'हिंद की चादर' गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करता हूं। गुरु तेग बहादुर जी ने एक ही जीवनकाल में आध्यात्मिक साधना भी की, सत्संग भी किए और क्रूर आक्रांताओं से स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा भी की। उन्होंने कश्मीरी पंडितों के लिए संघर्ष किया, अत्याचारी मुगल को चुनौती दी और धर्म की खातिर अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

## रक्षा मामलों में प्रोएक्टिव दृष्टिकोण अपनाने पर जोर

# रक्षा नवाचार के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहा है भारत: राजनाथ

**एजेंसी | नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि तेजी से बदलती दुनिया और भू-राजनीति के बीच, भारत को प्रतिक्रियावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़कर खुद को भविष्य के लिए तैयार करने के वास्ते 'सक्रिय' (प्रोएक्टिव) दृष्टिकोण अपनाना होगा।

सिंह ने नवाचार और स्वदेशीकरण पर नौसेना के प्रमुख कार्यक्रम 'स्वावलंबन 2025' में अपने संबोधन में कहा कि भारत रक्षा नवाचार के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहा है।

सिंह ने यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि रक्षा क्षेत्र में हमें बड़े पैमाने पर, अधिक साहस के साथ और तेज गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने निजी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे केवल मुनाफा कमाने तक सीमित न रहें, बल्कि 'मुनाफे के साथ-साथ राष्ट्रहित' को भी ध्यान में रखें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि जितने अधिक नवप्रवर्तक आगे बढ़ेंगे, भारत उतना ही अधिक सुरक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनेगा। 'स्वावलंबन 2025' का आयोजन नौसेना के नेतृत्व में लगभग दो सप्ताह तक चले अभ्यास 'त्रिशूल' के समापन के कुछ दिनों बाद किया जा रहा है। 'त्रिशूल' का समापन 13 नवंबर को गुजरात के पोरबंदर में सौराष्ट्र तट पर हुआ था।

अपने संबोधन से पहले, सिंह ने प्रदर्शनी हॉल का भी दौरा किया और मंगलवार से शुरू हुए दो-दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले कुछ लोगों से बातचीत की।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह(बाएं से दूसरे) नई दिल्ली में आयोजित 'समुद्र उत्कर्ष' कार्यक्रम के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान (दाएं से दूसरे) और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी (दाएं) व अन्य के साथ।

### कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी, डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत और रक्षा क्षेत्र के कई विशेषज्ञ एवं नवप्रवर्तक मंच पर उपस्थित थे।

### भारत में जहाज निर्माण का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक अन्य कार्यक्रम में वैश्विक रक्षा कंपनियों से भारत के जीवंत जहाज निर्माण उद्योग में अवसरों का लाभ उठाने और अगली पीढ़ी की समुद्री क्षमताओं का सह-विकास करने का मंगलवार को आह्वान किया। सिंह रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी 'समुद्र उत्कर्ष' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में जहाज निर्माण, जहाज मरम्मत और समुद्री नवाचार का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है क्योंकि भारतीय जहाज निर्माण उद्योग पहले ही विमानवाहक पोत, अनुसंधान पोत और वाणिज्यिक जहाज बना चुका है। भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां और स्टील्थ फ्रिगेट (रडार को चकमा देने में सक्षम पोत) और विध्वंसक जहाज जैसी प्रमुख परियोजनाएं न केवल देश की नौसैनिक ताकत को रेखांकित करती हैं, बल्कि डिजाइन क्षमता और स्वचालन को भी बढ़ाती हैं।

## अफगानिस्तान का आरोप

# पाकिस्तान के हवाई हमलों में 9 बच्चों सहित 10 मारे गए

**एजेंसी | काबुल**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्तों में तल्खी जारी है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने मंगलवार को पाकिस्तान पर तीन पूर्वी प्रांतों में सोमवार देर रात हवाई हमले करने का आरोप लगाया, जिसमें नौ बच्चों सहित 10 नागरिक मारे गए। यह हमले दोनों पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनाव का संकेत है। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर में सोमवार सुबह पुलिस बल के मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तानी सेना की यह कार्रवाई सामने आई है।

अफगान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने 'एक्स' पर कहा कि पाकिस्तान ने खोस्त प्रांत में एक नागरिक के घर पर 'बमबारी' की, जिसमें नौ बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। कुनार और पक्तिका प्रांतों में भी हमले किए गए, जिनमें चार अन्य लोग घायल हो गए।

**पाक सेना का 22 आतंकी मारने का दावा:** इस बीच, पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित टीटीपी के 22 आतंकवादियों को मार गिराया है।



### अफगानों के लिए फिर शुरू होगा स्वास्थ्य वीजा

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने दावा किया कि वीजा का मुद्दा सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यवसायी पहले व्यापार और वाणिज्य के लिए यात्रा नहीं कर पाते थे, वे अब काबुल स्थित भारतीय दूतावास से वीजा प्राप्त कर सकते हैं। यह निर्णय लिया गया है कि अफगानों के लिए भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए चिकित्सा वीजा भी फिर से शुरू होंगे। तालिबान के 2021 में सत्ता में आने से पहले तक भारत कई अफगान मरीजों के लिए चिकित्सा उपचार के लिए पसंदीदा स्थान था।

## TMC प्रमख ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# मुझे चुनौती दी तो भाजपा की नींव हिला दूंगी: ममता

**एजेंसी | बनगांव**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग की आलोचना की व दावा किया कि राज्य के मतुआ बहुल क्षेत्रों में यदि कोई खुद को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत विदेशी घोषित करता है, तो उसे तत्काल मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा। बनर्जी ने यहां एसआईआर विरोधी रैली को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई तो वह पूरे देश में भाजपा की नींव हिला देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अब निष्पक्ष संस्था नहीं रहा बल्कि भाजपा आयोग बन गया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उन्होंने बीजेपी को कई बार बताया है कि वह उन्हें राजनीतिक रूप से मुकाबला कर हराने में सक्षम नहीं है। बनर्जी ने यह भी सवाल उठाया कि यदि इसका उद्देश्य अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है तो एसआईआर भाजपा शासित राज्यों में क्यों किया जा रहा है?



## कर्नाटक में नेतृत्व के सवाल पर सार्वजनिक चर्चा नहीं: खरगे

# आलाकमान भ्रम पर विराम लगाए: सिद्धारमैया

**एजेंसी | बेंगलुरु**

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कांग्रेस में खींचतान जारी हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि पार्टी आलाकमान को अंततः इस भ्रम को समाप्त करना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि वह मुख्यमंत्री पद पर बदलाव संबंधी मुद्दे पर आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक पार्टी नेतृत्व से मिलने और अपनी राय साझा करने के लिए स्वतंत्र हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि यह कोई ऐसा मुद्दा नहीं है जिस पर सार्वजनिक रूप से चर्चा की जाए।

मुख्यमंत्री बदलने की चर्चाओं के बीच सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष तेज हो गया है, जहां 2023 में सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार से जुड़े एक कथित सत्ता-साझाकरण समझौते का हवाला दिया जा रहा है। कांग्रेस नीत सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल का आधा सफर तय कर चुकी है। शिवकुमार का समर्थन करने वाले विधायकों के एक समूह के दिल्ली जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर सिद्धारमैया ने कहा, उन्हें (विधायकों को) जाने दीजिए, विधायकों को स्वतंत्रता है।

### मंत्रिमंडल में फेरबदल जब भी होगा, फैसला आलाकमान ही करेगा

मंत्रिमंडल में फेरबदल के बारे में पूछे गए एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह तब होगा जब आलाकमान कहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल उनकी कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी से मिलने की कोई योजना नहीं है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार का समर्थन करने वाले छह कांग्रेस विधायकों का एक समूह 23 नवंबर को शीर्ष नेताओं से मिलने के लिए नई दिल्ली गया था। इससे पहले शिवकुमार का समर्थन करने वाले लगभग 10 विधायकों ने दिल्ली जाकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सिद्धारमैया अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल पर जोर दे रहे हैं, जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे।



## खेल हलचल

### बेल्जियम ने भारत को 3-2 से हराया

**निमाज।** इपोह (मलेशिया)। भारत ने मंगलवार को यहां बारिश से प्रभावित सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के मैच में डटकर मुकाबला किया, लेकिन आखिर में वह बेल्जियम से 2-3 से हार गया। भारत के लिए अभिषेक (33वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (57वें) ने, जबकि बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17वें और 57वें) और निकोलस डी केर्पेल (45वें) ने गोल किए।

### राष्ट्रमंडल खेल 2030: भारत की मेजबानी पर मुहर की उम्मीद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी अधिकार हासिल करने को लेकर आश्वस्त भारत की बोली को बुधवार को ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा में औपचारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी, जो देश की वैश्विक बहु-खेल केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी योजना में मील का पत्थर साबित होगा। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था, लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है।

### कर्णावट बंधुओं के नाम इंडिया व एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड्स कायम कर मान बढ़ाया। ये हैं आरव कर्णावट (15) और आहान कर्णावट (11), दोनों ने ताइक्वांडो में अलग-अलग श्रेणियों में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया। महेन्द्र सिंह कर्णावट के इन पौत्रों ने ये रिकॉर्ड बनाए। आहान कर्णावट ने 2 किलो वजन पकड़कर 1 मिनट में सर्वाधिक ताइक्वांडो फ्रंट किक्स लगाए। एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के जारी प्रमाणपत्र के अनुसार आहान ने फुर्ती, गति और एकाग्रता के साथ रिकॉर्ड (1 मिनट में 113 किक) स्थापित किया। वहीं, आरव कर्णावट ने 5 किलो वजन पकड़कर 1 मिनट में सर्वाधिक ताइक्वांडो साइड किक्स लगाए। 15 वर्ष 11 महीने की उम्र में ऐसी उपलब्धि (274 किक, 1 मिनट में) दुर्लभ है।

**जयपुर में हुआ सत्यापन कार्यक्रम:** उपलब्धियां एफबीडी मालवीय नगर, जयपुर में दर्ज की गईं, जहां इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में परीक्षण और प्रमाणन हुआ। इस अवसर पर कोच प्रदीप उपस्थित रहे।

### अंडर-19 शृंखला: त्रिवेदी के अर्धशतक से भारत बी जीता

**बेंगलुरु।** वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने मंगलवार को यहां अंडर-19 त्रिकोणीय शृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया।

## दूसरा टेस्ट मैच: भारत को जीत के लिए अब भी 522 रन की दरकार

# टीम इंडिया हार के कगार पर

एजेंसी | गुवाहाटी

जिस पिच का बल्लेबाजी के लिए दक्षिण अफ्रीका ने पूरा फायदा उठाया, उस पर भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी जूझते हुए नजर आए, जिससे उनकी टीम पर दूसरे एवं अंतिम टेस्ट मैच में बड़ी हार का खतरा मंडराने लगा है।

दो मैचों की शृंखला में पहले ही पीछे चल रहे भारत ने 549 रन के लगभग असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 15.5 ओवर में दो विकेट पर 27 रन बनाए और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे अब 522 रन की जरूरत है।

दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की। उसका आकर्षण ट्रिस्टन स्टब्स की पारी रही। इस युवा बल्लेबाज



ट्रिस्टन स्टब्स शॉट लगाते हुए



मोहम्मद सिराज

ने 180 गेंद का सामना करके 94 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है।

उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (68 गेंद पर 49) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन और वियान मुल्डर (69 गेंद पर नाबाद 35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की।

### रोहित 2026 टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी ब्रांड दूत घोषित

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा को भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी20 विश्व कप के लिए मंगलवार को टूर्नामेंट दूत नियुक्त किया गया। रोहित की कप्तानी में भारत ने 2024 में हुए पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 32.01 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने यहां टूर्नामेंट के कार्यक्रम का अनावरण करते हुए यह घोषणा की। रोहित ने पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हुए विश्व कप में भारत की जीत के बाद खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारत ने तब 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। शाह ने कहा कि अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान आठ स्थल (भारत के पांच और श्रीलंका के तीन) मैचों की मेजबानी करेंगे। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक खेला जाएगा। टी20 विश्व कप के मैच दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, चेन्नई, मुंबई, कोलंबो और कैंडी में खेले जाएंगे।



### ऑडिट दिवस पर जयपुर में ऑडिट रन 2025 रविवार को



**जयपुर।** जयपुर में 30 नवंबर को ऑडिट दिवस समारोह के तहत 'ऑडिट रन 2025' का आयोजन किया जाएगा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) की स्थापना के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनभागीदारी से पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) सतीश कुमार गर्ग ने बताया कि 3 किलोमीटर की दौड़ का मुख्य लक्ष्य जन-जन को सुशासन में ऑडिट की भूमिका से अवगत कराना है। सरकारी धन नागरिकों का ही धन है। यह आयोजन A.G. ऑफिस, स्टेच्यू सर्किल के पास होगा, जिसके लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 6:30 बजे है। 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति इस दौड़ में भाग ले सकते हैं और पंजीकरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगा।

#### थाईलैंड में एशियन इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप-2025 में जीता पदक

### राजस्थान की दिव्यकृति ने टीम इवेंट में जीता रजत

बेधड़क | जयपुर

थाईलैंड के पटाया शहर में एशियन इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप-2025 में भारतीय ड्रेसाज टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल्स में रजत पदक जीता। थाइलैंड ने स्वर्ण और हांगकांग की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश के गौरव पुंडीर, राजस्थान की दिव्यकृति सिंह और महाराष्ट्र की श्रुति वोरा शामिल रहे। भारत ने शुरुआत से ही लीडरबोर्ड पर शीर्ष स्थान रखा। मेजबान थाईलैंड के साथ भारतीय टीम गोल्ड मेडल के लिए करीबी प्रतिस्पर्धा में बनी रही। भारतीय टीम 0.2 प्रतिशत के मामूली अंतर से गोल्ड से चूक गई। दिव्यकृति सिंह का योगदान टीम की सफलता में निर्णायक रहा। रजत पदक के साथ वह भारत की एकमात्र अश्वारोही खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने एशियाई खेलों और एशियन चैम्पियनशिप में पदक जीते हैं। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दिव्यकृति ने यूरोप में विश्वस्तरीय कोचों से प्रशिक्षण लिया है।



दिव्यकृति



### मीनाक्षी रोहिल्ला ने जीता खेलो इंडिया में पहला स्वर्ण

बेधड़क | जयपुर

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की साइक्लिस्ट मीनाक्षी रोहिल्ला ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 के पहले दिन महिलाओं की इंडिविजुअल टाइम ट्रायल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं, ओलंपियन श्रीहरि नटराज के नेतृत्व में जैन यूनिवर्सिटी के तैराकों ने सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में प्रारंभिक बढ़त हासिल की। KIUG 2025 का पांचवां संस्करण राजस्थान में कुल 296 स्वर्ण पदक दांव पर है। पहले दिन कुल 25 स्वर्ण पदक दांव पर थे। इनमें से जैन यूनिवर्सिटी के तैराक ने 11 में से 8 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने शूटिंग और वेटलिफ्टिंग में दो-दो स्वर्ण जीतकर दूसरे स्थान पर है। गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी ने तीन स्वर्ण पदक से शानदार शुरुआत की। यूनिवर्सिटी ने मीनाक्षी के स्वर्ण के साथ दो और स्वर्ण जीते।

## बिजनेस बेधड़क

| शेयर बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| | 84,587.01 (-313.70) | 25,884.80 (-74.70) |

| सर्राफा | सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|---|
| | 1,28,700 (+2400) | 1,20,300 (+2200) | 1,61,600 (+4100) |

## जरूरी खबर

### GST करदाता शिक्षा व जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने डायरेक्टरेट जनरल ऑफ टैक्सपेयर सर्विसेज अहमदाबाद के साथ मिलकर मंगलवार को "जीएसटी करदाता शिक्षा एवं जन जागरूकता कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्योग प्रतिनिधियों, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, कर सलाहकारों व उद्यमियों को जीएसटी प्रावधानों, नीतिगत बदलावों और अनुपालन प्रक्रिया की जानकारी देना था। चैंबर के अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने बताया कि बदलते कर ढांचे को समझने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद उपयोगी हैं। DGTS के अनिल कुमार श्रीधरन, मनीष सोनकर, ट्रेड प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के सहायक निदेशक हिमांशु द्विवेदी मौजूद रहे।

### 'ग्लोबल सोलर एक्सपो 2025' आज से

**जयपुर।** नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बन चुके राजस्थान में ग्लोबल सोलर एक्सपो–2025 का आयोजन 26–27 नवंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में होगा। एक्सपो का उद्घाटन ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर करेंगे, जबकि प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी विशेष अतिथि रहेंगे। ईक्यू इंटरनेशनल मैगज़ीन और सी2जेड द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 100+ कंपनियां, 75+ विशेषज्ञ और 10,000+ विजिटर्स शामिल होंगे। सूर्याकोन कॉन्फ्रेंस में पीएम-कुसुम, ग्रीन हाइड्रोजन, स्टोरेज, हाइब्रिड प्रोजेक्ट्स और क्लीन-टेक नवाचारों पर गहन चर्चा होगी।

## चितौड़गढ़ में होने लगी पैदावार, छोटे किसान बने लखपति

# राजस्थान में चला स्ट्रॉबेरी का जादू

बेधड़क | जयपुर

स्ट्रॉबेरी की खेती का नाम आते ही आमतौर पर देश के सीमित पर्वतीय और ठंडे राज्यों का ही चित्र मन में उभरता है, लेकिन अब राजस्थान के चित्तौड़गढ़ ने इस धारणा को बदल दिया है। 'मेवाड़ी स्ट्रॉबेरी' न केवल किसानों की किस्मत चमका रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान भी बदल रही है। यह परिवर्तन एमपी बिरला ग्रुप के समृद्धि कार्यक्रम का प्रत्यक्ष परिणाम है, छोटे किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी आय बढ़ाई जा रही है। समृद्धि कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के विजन को समर्थन देते हुए की गई थी। सीबू प्रसाद जैना और प्रदीप सिंह बघेल के निर्देशन में इस पहल ने तेजी से विस्तार लिया और आज 995 से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं। स्ट्रॉबेरी को कार्यक्रम में शामिल किए जाने के बाद किसानों की आय में आए अभूतपूर्व बदलाव ने जिले में चर्चा का विषय बना दिया।



### स्ट्रॉबेरी ने 42 किसानों को बनाया लखपति

एमपी बिरला ग्रुप चित्तौड़गढ़ चंदेरिया यूनिट की सीएसआर हेड पुष्पांजलि यादव और शिव यादव बताते हैं कि वर्ष 2021 में शुरू किया गया पहला डेमो बेहद सफल रहा। किसानों को ड्रिप सिस्टम, कृषि उपकरण और तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया, जिसके बाद शुरुआती फसल में ही किसानों ने 20-30 हजार रुपए तक का शुद्ध लाभ अर्जित किया। 2023 में महाराष्ट्र से 1000 पौधे मंगवाकर 10 किसानों को जोड़ा गया और मात्र तीन महीनों में प्रत्येक किसान ने 1 से 1.5 लाख रुपए तक का लाभ कमाया। 2024 व 2025 में और किसानों को जोड़े जाने के बाद आज स्थिति यह है कि समृद्धि कार्यक्रम के तहत 42 किसान लखपति बन चुके हैं।

### गुणवत्ता में 'मेवाड़ी स्ट्रॉबेरी' सबसे आगे

स्थानीय स्तर पर उगने वाली स्ट्रॉबेरी की सफलता का बड़ा कारण उसकी बेहतरीन गुणवत्ता है। बाहर से आने वाली स्ट्रॉबेरी में जहां पेस्टिसाइड्स की आशंका और ताजगी की कमी होती है, वहीं समृद्धि कार्यक्रम में किसानों को हर वर्ष 1000 पौधे नि:शुल्क, प्रशिक्षण और ड्रिप सिस्टम में तकनीकी सहयोग मिलता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि खेती पूरी तरह ऑर्गेनिक तरीके से जीवामृत व कम्पोस्ट द्वारा की जा रही है, जिससे मिट्टी की उर्वरकता बनी रहती है और उपभोक्ता तक रसायनमुक्त ताजी स्ट्रॉबेरी पहुंचती है। यही कारण है कि 'मेवाड़ी स्ट्रॉबेरी' की मांग स्थानीय बाजारों में लगातार बढ़ रही है।

#### क्यों है खास 'मेवाड़ी स्ट्रॉबेरी'

- पूरी तरह ऑर्गेनिक खेती
- ड्रिप से पानी की बचत
- ताजगी और गुणवत्ता सर्वोच्च
- स्थानीय बाजारों में मांग

### किसानों की जिंदगी में आया बड़ा बदलाव

नगरी गांव के किसान राजेंद्र कुमार कीर बताते हैं कि 2021 में पहली बार स्ट्रॉबेरी की खेती से उन्हें लगभग 20 हजार रुपए का लाभ हुआ था। इसके बाद दो सीजन में हर बार एक लाख रुपए तक की आमदनी हुई। इस वर्ष वे 3 लाख रुपए तक लाभ की उम्मीद कर रहे हैं। महज दस दिनों में उनकी नई फसल बाजार में आने वाली है। चित्तौड़गढ़ में स्ट्रॉबेरी उत्पादन की यह कहानी सिर्फ कृषि सफलता नहीं, बल्कि यह प्रमाण भी है कि सही मार्गदर्शन, तकनीक और सहयोग मिलने पर छोटे किसान भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। 'मेवाड़ी स्ट्रॉबेरी' अब राजस्थान की नई पहचान बनकर उभर रही है।

## बाजार हलचल

### चांदी 4100 रुपए उछली, सोना भी 2400 रुपए चढ़ा

**बेधड़क, जयपुर।** राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। लगातार कुछ दिनों की मंदी के बाद बाजार में अचानक आई तेजी ने निवेशकों को राहत दी है। बाजार से मिली जानकारी के अनुसार शुद्ध सोना 2400 रुपए की बढ़त के साथ 1,28,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, जेवराती सोना भी 2200 रुपए चढ़कर 1,20,300 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। सोने की कीमतों में आई यह मजबूती अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर रुझान और स्थानीय मांग बढ़ने का परिणाम मानी जा रही है। इसी तरह चांदी के भाव में भी बड़ा उछाल देखने को मिला। चांदी 4,100 रुपए की तेज बढ़त के साथ 1,61,600 रुपए प्रति किलो हो गई।

### सेंसेक्स 314 अंक टूटा, निफ्टी भी 25,884.80 पर पहुंची

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली और रुपए में कमजोरी के बीच आईटी व वाहन कंपनियों के शेयर दबाव में रहे। इसी कारण बीएसई सेंसेक्स 313.70 अंक टूटकर 84,587.01 पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 364 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का निफ्टी भी 74.70 अंकों की गिरावट के साथ 25,884.80 पर बंद हुआ। शुक्रवार से तीन सत्रों में निफ्टी 307 अंक और सेंसेक्स 1,045 अंक फिसल चुके हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 गिरावट में रहे। सबसे ज्यादा नुकसान टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस में देखने को मिला।

## पूरी तरह डिजिटल LIMS सिस्टम से गुणवत्ता आश्वासन में बढ़ी पारदर्शिता

# हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने बढ़ाया नवाचार का दायरा

बेधड़क | जयपुर

भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने वर्ल्ड क्वालिटी मंथ के अवसर पर नवाचार को नई दिशा देते हुए बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। कंपनी के प्रोडक्ट 'डाई कास्टिंग के लिए जिंक बेस एलॉय इनगॉट्स, ग्रेड ZN AI 4' को ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स के तहत स्टैंडर्ड मार्क का उपयोग करने की आधिकारिक अनुमति मिल गई है। इस नए बीआईएस



सर्टिफिकेशन ने कंपनी के उत्पादों की विश्वसनीयता, नियामकीय अनुपालन और ग्राहक भरोसे को और मजबूत किया है।

हिन्दुस्तान जिंक इस वर्ष वर्ल्ड क्वालिटी मंथ को "थिंक डिफरेंटली" थीम के साथ मना रही है, जो कंपनी की इनोवेशन, डेटा-ड्रिवन निर्णय लेने और वैल्यू चेन में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नवाचार की इसी दिशा में कंपनी ने पारंपरिक 12-स्टेप मॉडल से अलग हटकर एजाइल क्वालिटी सर्कल पेश किया है। यह आधुनिक मॉडल टीमों को स्थिति के अनुसार सबसे प्रभावी गुणवत्ता उपकरणों के संयोजन को चुनने की स्वतंत्रता देता है, जिससे निर्णय प्रक्रिया तेज होती है और कर्मचारी सहभागिता बढ़ती है।

कंपनी ने अपने गुणवत्ता इकोसिस्टम को सात प्रमुख स्तंभों- सप्लायर क्वालिटी मैनेजमेंट, कस्टमर मैनेजमेंट, इंटीग्रेटेड क्वालिटी मैनेजमेंट, निरंतर सुधार, नेतृत्व सहभागिता, कौशल विकास और रिजल्ट मैपिंग पर विकसित किया है।

### बीआईएस गुणवत्ता तंत्र को मजबूती का प्रमाण

कंपनी के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक में गुणवत्ता हमारी जिज्ञासा और सतत सुधार की संस्कृति से प्रेरित है। 'थिंक डिफरेंटली' थीम और एजाइल क्वालिटी सर्कल्स के साथ हम अपने लोगों को नए तरीके से सोचने और आत्मविश्वास के साथ नवाचार करने का प्रोत्साहन दे रहे हैं। नया BIS सर्टिफिकेशन हमारे गुणवत्ता तंत्र की मजबूती का प्रमाण है।

### 27 यूरोपीय देशों में निर्यात हो सकेंगे उत्पाद

विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर के रूप में हिन्दुस्तान जिंक लगातार प्रोडक्ट रिलायबिलिटी, सस्टेनेबिलिटी और जिम्मेदार सोर्सिंग में नए ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित कर रही है। कंपनी के उत्पाद लंदन मेटल एक्सचेंज और लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन में रजिस्टर्ड हैं, जबकि REACH सर्टिफिकेशन के चलते वह 27 यूरोपीय देशों में निर्यात कर सकती है।

### 4 हजार अरब डॉलर को पार कर जाएगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर लेगी। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 के अंत में देश का जीडीपी लगभग 3,900 अरब डॉलर था और वर्तमान वृद्धि रफ्तार को देखते हुए भारत इस स्तर को पार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईवीसीए ग्रीन रिटर्न्स समिट–2025 में उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच भारत के लिए तेज आर्थिक विकास बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

## 'भारत24 लीडरशिप समिट' में नीति-निर्माता और विचारक एक मंच पर आए

# प्रशासनिक सुधार, निवेश और विकास मॉडल पर चर्चा


केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह का स्वागत करते डॉ. जगदीश चंद्र।

**बेधड़क | जयपुर**

भारत24 की ओर से सोमवार को मुंबई के द ललित होटल में हुए 'भारत24 लीडरशिप समिट' में नीति-निर्माता और विचारक एक मंच पर आए। इस दौरान सबने भारत की विकास यात्रा और महाराष्ट्र में प्रशासनिक सुधार, निवेश के अवसर और विकास मॉडल पर चर्चा की, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेशनल विजन से प्रेरित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह रहे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने देश की सुरक्षा, आधारभूत संरचनाओं और विकास प्रक्रिया को नई दिशा दी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हुए बदलाव, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और समावेशी विकास को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। भारत24 के सीईओ और एडिटर-इन-चीफ डॉ. जगदीश चंद्र ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समिट में मंत्री एवंएडवोकेट आशीष शेलार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक मामले मंत्री, महाराष्ट्र सरकार, मंगल प्रभात लोढ़ा, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री, महाराष्ट्र सरकार, शायना एनसी, राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवसेना, रूपिंदर सिंह खुराना, निदेशक IIHM पुणे, नीति गोयल, फाउंडर Wht Now, डॉ. निवेदिता श्रेयंस, को-फाउंडर Wht Now, अक्षत खेतान, को-फाउंडर Wht Now, डॉ. खालिद खान, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रदीप परिवहन लिमिटेड, श्री श्री कल्कि राम महाराज, नेशनल हेड हिंदू जोड़ो यात्रा, इंडिया और डॉ. आलोक वर्मा भी मौजूद रहे। सच बेधड़क अपने पाठकों के लिए लाया है 'भारत24 लीडरशिप समिट' की कुछ और झलकियां...।



डॉ. जितेंद्र सिंह से संवाद करती पूर्णिमा मिश्रा।



मंत्री एवं एडवोकेट आशीष शेलार से संवाद करती पूजा यादव।



मंगल प्रभात लोढ़ा से बातचीत करती पूर्णिमा मिश्रा।



शायना एनसी से चर्चा करती पूर्णिमा मिश्रा।



रूपिंदर सिंह खुराना, डॉ. निवेदिता श्रेयांस और डॉ. आलोक वर्मा से बात करती पूजा यादव।



डॉ. खालिद खान से संवाद करती पूर्णिमा मिश्रा।



श्री श्री कल्किराम महाराज, पीठाधीश्वर : आदिनाथ संप्रदाय,भारत, राष्ट्रीय प्रमुख : हिंदू जोड़ो यात्रा, भारत से संवाद करती पूजा यादव।



नीति गोयल और अक्षत खेतान से बातचीत करती पूजा यादव।

## डॉ. दक्ष और डॉ. पलक परिणय सूत्र में बंधे



नवविवाहित दंपती डॉ. दक्ष शर्मा और डॉ. पलक भार्गव।



डॉ. दक्ष शर्मा और डॉ. पलक भार्गव के साथ आईएएस अरविंद पोसवाल, आईएएस बिष्णु चरण मलिक, आईएएस भवानी सिंह देथा, एन एस राव, प्रवीण शर्मा, नितिन शर्मा, रिटायर्ड आईएएस राजेंद्र भट्ट, जेपी अग्रवाल और रिटायर्ड आईएफएस इंद्रपाल सिंह मथारू।



एनएस राव, सांसद सीपी जोशी, डॉ. सीपी जोशी, नितिन शर्मा, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, डॉ. दक्ष शर्मा, डॉ. पलक भार्गव और फैमिली मेंबर्स।



विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, मदन पालीवाल और सांसद सीपी जोशी।

*__जयपुर__। अनंता हॉस्पिटल के निदेशक नितिन-प्रवीणा शर्मा के पुत्र डॉ. दक्ष शर्मा और रजनी-स्वर्गीय गौरव भार्गव की पुत्री डॉ. पलक भार्गव का विवाह समारोह सोमवार को उदयपुर के रेडिसन ब्लू पैलेस रिसॉर्ट में संपन्न हुआ। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, कांग्रेस नेता डॉ. सी.पी. जोशी, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, सांसद सीपी जोशी, मिराज ग्रुप के चेयरमैन मदन पालीवाल ने शादी समारोह में शिरकत कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। समारोह में आईएएस अरविंद पोसवाल, आईएएस बिष्णु चरण मलिक, आईएएस भवानी सिंह देथा, एनएस राव (रिटायर्ड आईएएस), राजेंद्र भट्ट, जेपी अग्रवाल और रिटायर्ड आईएफएस इंदरपाल सिंह मथारू ने भी शिरकत की और नवदंपती को आशीर्वाद दिया। परिवार, मित्रों और उपस्थित मेहमानों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।*

## City इवेंट्स

### 'वजीर' साहित्य जगत में चर्चा का केंद्र



**बेधड़क. जयपुर।** रेडियो जॉकी रवीन्द्र का संवेदना और शब्दों से रचा नया कविता संग्रह 'वजीर' साहित्य प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने भी RJ रवीन्द्र को शुभकामनाएं दीं और मां पर लिखी उनकी पोएट्री की सराहना की। 'वजीर' सिर्फ कविताओं का संग्रह नहीं, बल्कि जिंदगी, रिश्तों और इंसान की अंदरूनी दुनिया का एक संवेदनशील दर्पण है। रवीन्द्र की कविताएं सरल शब्दों में गहरी बातें कहती हैं। बोधि पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह संग्रह अब बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स दोनों पर उपलब्ध है और साहित्यिक मंचों पर लगातार सराहा जा रहा है।

### प्रदर्शनी में दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा



**बेधड़क. जयपुर।** जगतपुरा स्थित एसआरएन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक एग्जिबिशन में विद्यार्थियों ने विज्ञान, कला, पर्यावरण, संस्कृति, टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान और सामाजिक विषयों पर आधारित कई मॉडल और गतिविधियों का प्रदर्शन किया। विद्यालय की डायरेक्टर उषा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की कल्पनाशक्ति को आकार देते हैं। चेयरमैन रवि शंकर आईएफएस (रिटायर्ड) और डायरेक्टर उषा शर्मा ने उत्कृष्ट प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव 21 दिसंबर को

**बेधड़क. जयपुर।** ऑलमाइटी इंटरनेशनल की ओर से राष्ट्रीय स्तर के ज्योतिष सम्मेलन, ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव (एआईएसी) सीजन-2 का आयोजन 21 दिसंबर को हैवा हेवन रिसॉर्ट में होगा। कॉन्क्लेव की संयोजक डॉ. मेघा शर्मा ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य आकर्षण प्रमुख ज्योतिषाचार्यों और वास्तु शास्त्रियों की महत्वपूर्ण चर्चाएं और भविष्यवाणियां होंगी। एआईएसी के संरक्षक पंडित सतीश शर्मा ने बताया कि कॉन्क्लेव में वैदिक ज्योतिष, वास्तु शास्त्र, रामल विद्या, वैज्ञानिक ज्योतिषीय शोध, ओकल्ट साइंस, मेडिटेशन, फैशन और नेटवर्किंग से जुड़े सत्र शामिल होंगे। प्रतिभागियो को विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में टॉक शो, अवार्ड शो और इंटरैक्टिव सेशन भी आयोजित किए जाएंगे।

## जयपुर डांस कॉन्क्लेव में लोक और शास्त्रीय नृत्य के रंग

# वर्कशॉप, चर्चाओं और नृत्य की रोमांचक शृंखला ने मोहा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में दो दिवसीय जयपुर डांस कॉन्क्लेव का समापन हुआ। इस दौरान दो दिन कॉन्क्लेव में दर्शकों को भारतीय नृत्य परंपरा की व्यापकता और विविधता से रूबरू कराया गया। आर्टस्पॉट्स की पहल पर पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), ग्रामीण विकास विभाग और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में पैनल चर्चा भी खास रही। तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त नृत्य गुरुओं पद्मश्री लीला सैमसन, पद्मश्री माधवी मुद्गल और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता प्रेरणा श्रीमाली ने नृत्य के भविष्य पर बात की।

चर्चा का संचालन कला इतिहासकार दीप्ति शशिधरन ने किया। एक सत्र में लेखक अरुंधति सुब्रहमण्यम की काव्य-संग्रह 'वाइल्ड वुमन' पर चर्चा की गई। कॉन्क्लेव का समापन ओडिसी प्रस्तुति 'विस्तार' के साथ हुआ।



प्रेरणा श्रीमाली, माधवी मुद्गल, लीला सैमसन और दीप्ति शशिधरन।



अखिला कृष्णामूर्ति, अदिति जेटली, शान भटनागर और दीप्ति शशिधरन।



प्रेरणा श्रीमाली।



प्रस्तुति देती माधवी मुद्गल।

### 'वैन वॉल्स डांस' वर्कशॉप से हुए अपडेट

फेस्टिवल में 7 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए वर्कशॉप 'वैन वॉल्स डांस' का आयोजन किया गया। नृत्यांगना और अभिनेत्री प्राची साथी ने संचालन किया, जिसमें बच्चों को भरतनाट्यम, वरली कला और स्टोरीटेलिंग के गुर सिखाए गए। 'राजस्थान की लोक-संगीत परंपरा विनोद जोशी के साथ' विषय पर राजस्थान की लोक-संस्कृति और परंपराओं के विशेषज्ञ विनोद जोशी और कथक नृत्यांगना गौरी दिवाकर के बीच चर्चा हुई। वहीं, जयपुर कथक केंद्र के विद्यार्थियों ने 'नृत्य तरंग' शास्त्रीय नृत्य कथक की प्रस्तुति दी। 'मंथन' नामक प्रस्तुति में राजस्थान की पारंपरिक कावड़ कथा और मोहिनीयट्टम का मेल देखने को मिला। मोहिनीयट्टम नृत्यांगना दिव्या वारियर और निर्देशक अक्षय गांधी ने मंच पर जीवंत किया। वहीं, दूसरे दिन कॉन्क्लेव में 'द वे फॉरवर्ड-न्यू डायरेक्शन्स इन कोरियोग्राफी एंड डांस पेडागॉजी' सेशन में चर्चा की गई, जिसका संचालन दीप्ति शशिधरन ने किया। इंटरप्रेटिंग वाइल्ड वुमेन पुस्तक पर चर्चा भी की गई।

## तोषिका-जतिन को शुभकामनाएं



राकेश राजोरा को बधाई देते डॉ. जगदीश चंद्र।

**बेधड़क. जयपुर।** दिल्ली के छतरपुर स्थित बेल-ला मॉन्डे के SOIR में सोमवार को लतीका-राकेश राजोरा की बेटी तोषिका और किरन-विमल मक्कड़ के बेटे जतिन की रिंग सेरेमनी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। डॉ. जगदीश चन्द्र ने समारोह में पहुंच विवाह बंधन में बंधने जा रहे युगल को सुखी, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने राकेश राजोरा व उनके परिवार को बधाई दी। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने तोषिका और जतिन को उनके जीवन की इस नई और खूबसूरत शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी।

## एक दूजे के हुए प्रियंका-अजय



नवविवाहित डॉ. प्रियंका और डॉ. अजय के साथ परिवार के सदस्य विमला देवी, वैभव चौधरी, रूबी चौधरी, निकु चौधरी और पवन सिंह चौधरी।



नवविवाहित डॉ. प्रियंका और डॉ. अजय के साथ डॉ. राकेश खेदार, आरुष चौधरी, सौरिश खेदार और पूजा देवी।

**बेधड़क. जयपुर।** नीम का थाना के गोवर्धनपुरा में सरोज-सुरेश कुमार बोरान की पुत्री डॉ. प्रियंका और अंजू-सुमेर ओला के पुत्र डॉ. अजय का विवाह समारोह संपन्न हुआ। परिजनों में विमला देवी, वैभव चौधरी, रूबी चौधरी, निकु चौधरी, पवन सिंह चौधरी, डॉ. राकेश खेदार, आरुष चौधरी, सौरिश खेदार और पूजा देवी ने वर वधू को आशीर्वाद दिया। मित्रों और रिश्तेदारों ने शादी समारोह में अपनी मौजूदगी से चार चांद लगा दिए।

## हैप्पी वेडिंग



नवविवाहित दंपती दुर्गेश शर्मा और जयश्री शर्मा के साथ नरेंद्र चौधरी, अभय बिधूड़ी, अंकुर दायमा, सतीश पूनियां, रोहिताश्व शर्मा और ऊषा शर्मा।

**जयपुर**। पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा के भाई वीरेंद्र शर्मा के पुत्र दुर्गेश शर्मा का विवाह सोमवार को जयश्री के साथ संपन्न हुआ। समारोह में सोमवार को राजनीतिक और प्रशासनिक जगत के अनेक दिग्गजों ने शिरकत की। बहरोड़ के हरिमहल पैलेस में हुए इस भव्य आयोजन में प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में भाजपा नेता सतीश पूनियां, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, सांसद सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। वहीं, मोहित यादव, इंद्रराज गुर्जर, रामस्वरूप कसाना, विधायक ललित यादव और अलवर एसपी सुधीर चौधरी ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। सांसद हनुमान बेनीवाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने भी समारोह में शिरकत कर परिवार को शुभकामनाएं दी।



नवविवाहित दंपती दुर्गेश शर्मा और जयश्री शर्मा के साथ संजय शर्मा, सुभाष महरिया, पतराम गुर्जर, सीताराम, श्रीचंद चौधरी, संजय शर्मा, डॉ. रोहिताश शर्मा और महेंद्र पंडित।



नवविवाहित दंपती दुर्गेश शर्मा और जयश्री शर्मा के साथ अश्विनी यादव और डॉ. रोहिताश शर्मा।

## मुंबई से एयरलिफ्ट कर लाए, जेएनयू में होगा इलाज

**बेधड़क** | जयपुर



जेएनयू सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। पहली बार, एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को एच.एन. एन. रिलायंस हॉस्पिटल, मुंबई से जयपुर एयरलिफ्ट कर उन्नत मल्टीस्पेशियलिटी इलाज के लिए लाया गया है। यह उपलब्धि जेएनयू सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को देश के शीर्ष तृतीयक चिकित्सा केंद्रों में मजबूती से स्थापित करती है। मरीज कई जटिल बीमारियों से ग्रस्त है। उसे विभिन्न सुपर स्पेशियलिटीज की समन्वित देखभाल की आवश्यकता थी। जयपुर में उपलब्ध उत्कृष्ट, व्यापक और समग्र चिकित्सा सेवाओं को देखते हुए, परिवार ने एक साहसिक निर्णय लेते हुए मरीज को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से जेएनयू सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल स्थानांतरित करने का फैसला लिया। मरीज का उपचार डॉ. सुधीर भंडारी, प्रो-चांसलर (मेडिकल) एवं सीनियर प्रोफेसर इंटरनल मेडिसिन, डायबेटोलॉजी और क्रिटिकल केयर के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन और देखरेख में किया जाएगा। उनके साथ एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ टीम कार्य करेगी। डॉ. संदीप बक्शी, चांसलर, जेएनयू ने कहा कि यह ऐतिहासिक एयरलिफ्ट राजस्थान के लिए एक निर्णायक क्षण है। यह प्रमाण है कि अब राज्य में भी विश्व-स्तरीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25


न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, बुधवार, 26 नवंबर, 2025





"जैसे पेड़ पतझड़ में पत्ते गिराता है, वैसे ही हमें भी नए सिरे से बढ़ने के लिए कुछ छोड़ना पड़ता है।

डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

मणिपाल यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस उत्सव

# संविधान भारत की आत्मा, इसका पालन करना हमारा कर्तव्य: बिरला

■ लोकसभा अध्यक्ष ने युवाओं को किया प्रेरित

बेधड़क | जयपुर

संविधान दिवस के मौके पर मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बिरला ने संविधान को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि संविधान देश को दिशा देता है और अनेकता में एकता बनाए रखता है। संविधान निर्माण स्वतंत्रता संग्राम और संघर्षों की गाथा है। उन्होंने कहा कि संविधान को जानना, अपनाना और उसके अनुसार जीवन जीना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से संविधान की समझ और जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया और सभी से संविधान का सम्मान करने तथा इसके सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लेने की अपील की। बिरला ने कहा कि भारत का लोकतंत्र आज दुनिया में सबसे मजबूत है। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और लोकतांत्रिक मूल्यों ने देश को सशक्त बनाया है। आने वाले समय में युवा वर्ग भारत की सबसे बड़ी ताकत होगा और वैश्विक स्तर पर देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बिरला ने छात्रों से संविधान पढ़ने और उसके सिद्धांतों को जीवन में उतारने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया और लोकतांत्रिक मूल्यों आधारित गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक अशोक लाहोटी, भूपेंद्र सैनी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में संविधान दिवस समारोह के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए।

### विवि व नवाचारों की दी जानकारी

कार्यक्रम में एमयूजे की कुलपति डॉ. नीति निपुण शर्मा ने विश्वविद्यालय की अकादमिक उपलब्धियों, वैश्विक स्तर पर छात्रों, पूर्व छात्रों के योगदान और नवाचारों की जानकारी साझा की। बिरला ने विश्वविद्यालय के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और शोध क्षमताओं की सराहना की तथा एमयूजे छात्रावास में अति आधुनिक जिम्नेशियम का उद्घाटन किया।

### संविधान शिक्षा और जागरूकता

ओम बिरला ने कहा कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों में संविधान विषयक पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में संसद कार्य कर रही है, जिससे नागरिकों में संवैधानिक साक्षरता बढ़ेगी। सांसद मंजू शर्मा ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विधायक कैलाश वर्मा ने स्थानीय युवाओं को रोजगार और समुदाय विकास में योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की।

### राज्यपाल बागडे और बिरला की शिष्टाचार भेंट



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की राजभवन में शिष्टाचार भेंट हुई। दोनों ने राष्ट्र विकास से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया।

### इंद्रा देवनानी के निधन पर जताया शोक



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के जयपुर स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी इंद्रा देवनानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देवनानी तथा परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## बेधड़क FIRST

### परिवहन विभाग का 3 डिजिट घोटाला

परिवहन मुख्यालय ने सभी आरटीओ और डीटीओ को 3 डिजिट घोटाले से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यालय ने संबंधित कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया है। विभाग आज से एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। साथ ही यह भी कहा कि जांच में कोई ढील नहीं बरती जाएगी और घोटाले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कांग्रेस जिलाध्यक्ष नहीं बनना चाहते थे संजय जाटव?

कांग्रेस ने हाल ही संजय जाटव को धौलपुर जिला अध्यक्ष बनाया, लेकिन अब उनका एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पत्र में जाटव ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के दौरान उन्होंने जिला अध्यक्ष बनने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि वे पहले कई पदों पर थे और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया। इसके बावजूद आलाकमान ने उन्हें जिला अध्यक्ष बना दिया। पत्र में यह भी उल्लेख है कि एक व्यक्ति को कई पद न देने का नियम होने के बावजूद उन्हें जिम्मेदारी दी गई।

### कांग्रेस के नए जिला अध्यक्षों पर चर्चा

कांग्रेस के नए जिला अध्यक्षों को लेकर अब भी चर्चा जारी है। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, जिन्हें चूरू जिला अध्यक्ष बनाया गया है, दिनभर से संपर्क में नहीं हैं। वहीं बांसवाड़ा के नए जिला अध्यक्ष अर्जुन बामनिया को लेकर भी चर्चा है कि वे खुद की बजाय किसी सामान्य वर्ग के नेता को अध्यक्ष बनवाना चाहते थे। इस तरह कई जिलों में नेतृत्व चयन को लेकर असंतोष की खबरें सामने आ रही हैं।

### BJP से आए नेताओं को कांग्रेस में तरजीह

कांग्रेस में कुछ पुराने भाजपा नेताओं को तरजीह देने की खबरें सामने आई हैं। अजमेर देहात के विधायक विकास चौधरी को अब कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। सोशल मीडिया पर उनकी पुरानी तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वे RSS की शाखा में पोशाक पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि पार्टी इन नेताओं को प्राथमिकता देकर संगठन में संतुलन बना रही है।

### वाणिज्यिक कर विभाग में ऑडिट फाइलों का खेल

वाणिज्यिक कर विभाग में ऑडिट फाइलों के आवंटन को लेकर अनियमितताओं की आशंका सामने आई है। GST कानून के तहत करदाताओं में चोरी की आशंका के आधार पर हर साल ऑडिट फाइलों की संख्या तय की जाती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ऑडिट मामलों का निर्धारण भी इसी प्रक्रिया के तहत किया गया था। सूत्रों के अनुसार, नियमों के विपरीत कुछ चहेतों को लाभ पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। राज्य सरकार ने ऑडिट कार्य आवंटन के लिए मैन्युअल प्रक्रिया बनाई है, लेकिन इसके उलट मुख्यालय स्तर से सीधे निर्देश जारी किए जा रहे हैं। मुख्यालय से अतिरिक्त आयुक्त ऑडिट महिपाल सिंह संबंधित DC को निर्देश जारी करेंगे। यदि यह प्रक्रिया लागू होती है तो जोनल स्तर पर DC का अधिकार प्रभावित होगा, जबकि वर्तमान में जयपुर मुख्यालय की ऑडिट शाखा पूरे राज्य में ऑडिट मामलों के आवंटन की जिम्मेदारी संभालती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल चयनित ऑडिट मामलों के आवंटन में मनमानी की आहट है। यदि नियमों के अनुसार प्रक्रिया नहीं अपनाई गई तो ऑडिट कार्य की निष्पक्षता और करदाताओं के अधिकारों पर प्रश्न उठ सकते हैं।

कार्मिक विभाग ने पूरी की प्रक्रिया

## नए साल पर 59 आईएएस अधिकारियों को मिलेगा पदोन्नति का तोहफा



ऋतुराज शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** नया साल 2026 राजस्थान के आईएएस अधिकारियों के लिए खुशखबरी लेकर आ रहा हैं। कार्मिक विभाग और मुख्य सचिव स्तर पर प्रमोशन को लेकर प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। जिसके तहत 59 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नत किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी वर्ष के अंत में अधिकारियों को यह तोहफा मिलेगा, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। सचिवालय सूत्रों के अनुसार, यह पदोन्नतियां प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कैडर प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही हैं। केंद्र में प्रतिनियुक्त अधिकारियों को परफॉर्मा प्रमोशन से लाभ मिलेगा, ताकि उनकी वरिष्ठता बनी रहे। नए साल पर यह प्रमोशन अधिकारियों में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

**10 आईएएस को सचिव पद पर पदोन्नतिः** 2010 बैच के 10 आईएएस प्रकाश राजपुरोहित (केंद्र में, परफॉर्मा प्रमोशन), डॉ. जितेंद्र सोनी, इंद्रजीत सिंह (केंद्र में, परफॉर्मा प्रमोशन), नेहा गिरी, विश्वमोहन शर्मा, कन्हैयालाल स्वामी, नलिनी कठोतिया, राजेंद्र विजय, प्रज्ञा केवलरमानी और महावीर प्रसाद को सचिव पद पर पदोन्नति मिलेगी।

**23 आईएएस का कनिष्ठ से चयन वेतन श्रृंखला में प्रमोशनः** 2013 बैच के 23 आईएएस का कनिष्ठ से चयन वेतन श्रृंखला में प्रमोशन किया जाएगा। इनमें आशीष गुप्ता (केंद्र में, परफॉर्मा), नथमल डिडेल, नम्रता वृष्णि, कानाराम, अंशदीप (केंद्र में, परफॉर्मा), आलोक रंजन, नगिक्या गोहेन, अरविंद कुमार पोसवाल, प्रदीप के गवांडे, महावीर प्रसाद मीणा, रामदयाल मीणा, खजान सिंह, एमएल चौहान, डॉ. रश्मि शर्मा, एलएन मंत्री, इकबाल खान, कल्पना अग्रवाल, मनीषा अरोड़ा, पुष्पा सत्यानी, श्रुति भारद्वाज, अरुण कुमार पुरोहित, मुकुल शर्मा, अजय सिंह राठौड़ शामिल हैं।

**वरिष्ठ वेतन श्रृंखला से क. प्रशासनिक वेतन श्रृंखला में प्रमोशनः** 2017 बैच के 10 आईएएस को वरिष्ठ वेतन श्रृंखला से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला में प्रमोशन मिलेगा। इनमें आईएएस उत्सव कौशल, गौरव सैनी, श्वेता चौहान, अवधेश मीना, देवेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अक्षय गोदारा, श्रीनिधि बीटी, डॉ. सौम्या झा, महेंद्र खड़गावत शामिल हैं।

**12 IAS का कनिष्ठ से वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में प्रमोशनः** 2022 बैच के 12 आईएएस यक्ष चौधरी, प्रीतम कुमार, यशार्थ शेखर, डॉ. अंशु प्रिया, सक्षम गोयल, दिव्यांश सिंह, श्रद्धा गोम, मोहित कासनिया, भाईसारे शुभम अशोक, सोनिका कुमारी, श्रेष्ठाश्री और चारू को कनिष्ठ से वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में प्रमोशन दिया जाएगा।

### दो आईएएस बनेंगे एसीएस

1996 बैच के दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अजिताभ शर्मा व आलोक गुप्ता प्रमुख सचिव से अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत होंगे।

### दो आईएएस बनेंगे सचिव से प्रमुख सचिव

2001 बैच के आईएएस डॉ. केके पाठक को केंद्र में होने से परफॉर्मा प्रमोशन मिलेगा। वहीं, नवीन जैन सचिव से प्रमुख सचिव बनेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत

## डबल इंजन सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित: सीएम

बेधड़क | पाली/जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार सनातन संस्कृति के उत्थान, गौसेवा और युवा, महिला, मजदूर व किसानों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के साथ विरासत मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार मंदिरों और तीर्थ स्थलों का व्यापक विकास कर रही है। सीएम मंगलवार को पाली के नेतरा में भगवान मीरा-माधव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौशाला परिसर में बने इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होना सौभाग्य है और मीरा-माधव की आराधना से यह भूमि बैकुंठ समान पवित्र बन जाएगी। भजनलाल ने कहा कि राज्य सरकार ने गौ संरक्षण योजनाओं के लिए 2,791 करोड़ रुपए की अनुदान राशि दी है। प्रत्येक पंजीकृत गौशाला को प्रति गाय 50 रुपए और छोटे बछड़े के लिए 25 रुपए प्रतिदिन सहायता दी जा रही है। 341 गौशालाओं में आधारभूत सुविधाएं बनाई गईं हैं। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इस दौरान गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा को 11 लाख रुपए का चेक सौंपा। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद मदन राठौड़, लुम्बाराम चौधरी, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।



मीरा-माधव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान अनुष्ठान करते सीएम भजनलाल शर्मा। साथ में हैं प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व अन्य जनप्रतिनिधि।

### आस्था धामों में विश्व स्तरीय विकास कार्य

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन महाकाल कॉरिडोर, केदारनाथ और बद्रीनाथ में भी विश्वस्तरीय विकास कार्य संपन्न हुए हैं। राज्य सरकार ने संस्कृति संरक्षण के लिए 129 मेले, उत्सव और कार्यक्रम आयोजित किए। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में 21 हजार से अधिक यात्रियों को अयोध्या तथा 6 हजार को हवाई मार्ग से नेपाल स्थित पशुपतिनाथ दर्शन करवाए गए।

### सोजत में कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा



मुख्यमंत्री शर्मा ने सोजत में बिलावास गोशाला सेवा समिति द्वारा आयोजित कृष्ण भगवान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में गौमाता का बड़ा महत्व है, पहली रोटी गौमाता को दी जाती है। नदी, पेड़, पहाड़ों के साथ गौमाता की पूजा होती है। आमजन से गौवंश संवर्धन का आह्वान किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में भगवान कृष्ण एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पर यज्ञ में आहुति दी। गाय का पूजन कर गुड़ खिलाया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत, सांसद मदन राठौड़, पी.पी. चौधरी, विधायक शोभा चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर मेघवाल का वार

## कांग्रेस हमेशा से अंबेडकर विरोधी

बेधड़क | बीकानेर

76वें संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से अंबेडकर विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की 75वीं जयंती पर कांग्रेस ने कोई आयोजन नहीं किया, जबकि भारत रत्न भी वी.पी. सिंह सरकार ने उनकी 100वीं जयंती पर दिया, जिसे भाजपा का समर्थन था। मेघवाल ने बताया कि 2014 में भाजपा को 282 सीटें मिलने के बाद बाबा साहेब की 125वीं जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान दिवस को औपचारिक रूप से घोषित करवाया। मोदी सरकार ने पंच अंबेडकर तीर्थ स्थापित किए और नए संसद भवन के प्रत्येक द्वार पर अशोक चक्र लगाया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, विधायक ताराचंद सारस्वत, रामगोपाल सुतार सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव ने बजट घोषणाओं की प्रगति की ली जानकारी

## विकसित भारत-2047 के लिए करें समयबद्ध कार्य

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान राज्य बजट घोषणाओं और विकसित भारत–2047 लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–2047 राज्य के समग्र विकास, सुशासन और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का स्पष्ट रोडमैप है, जिसके लिए विभागों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से काम करना होगा। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को की फैक्टर इंडिकेटर के आधार पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सहित प्रमुख विभागों में बायोमीट्रिक उपस्थिति और तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम को और मजबूत करने पर जोर दिया, ताकि गैरहाजिरी पर नियंत्रण हो सके। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की भावना सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को राजस्थान में साकार करना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता, उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और खेल एवं युवा मामले विभागों ने प्रगति की जानकारी दी। चिकित्सा विभाग ने पिछले दो वर्षों में जिला अस्पतालों में हुए सुधारों और सहकारिता विभाग ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की जारी किस्तों की जानकारी साझा की। स्कूल शिक्षा विभाग ने समग्र शिक्षा अभियान की स्थिति से अवगत कराया। बैठक में कौशल विकास उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका, खेल एवं युवा मामले विभाग के सचिव नीरज के. पवन, आयोजना विभाग के सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर, नेशनल हेल्थ मिशन के प्रबंध निदेशक डॉ. अमित यादव उपस्थित रहे।



सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठकों के दौरान विभागों के कार्यों की समीक्षा करते मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास।

### विभिन्न विभागों की बैठक ली

मुख्य सचिव ने दूसरी बैठक में ऊर्जा, खनिज, वन एवं पर्यावरण और आयोजना विभागों की बजट घोषणाओं तथा विकसित राजस्थान–2047 के लक्ष्यों की समीक्षा की। बैठक में वन एवं पर्यावरण विभाग के एसीएस आनंद कुमार ने औद्योगिक अपशिष्ट निस्तारण, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हरित अरावली और हरित राजस्थान कार्यक्रमों की जानकारी दी। खनिज विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया कि 27 बजट घोषणाओं में से 16 पूरी, 8 प्रगति पर हैं और 3 शुरू हो चुकी हैं। ऊर्जा विभाग ने निशुल्क बिजली योजना पर अपडेट दिया, साथ ही री-वाइल्डिंग परियोजना की स्थिति की जानकारी दी।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।